* ओड़िशा संस्करण

14 मार्च, 2024
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 144

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही












## एसबीआइ ने सुप्रीम कोर्ट में दिया हलफनामा

# 2019 - 24 के बीच 22217 इलेक्टोरल बांड खरीदे गये

- पार्टियों ने 22,030 बांड का पैसा कैश कराया
- एसबीआइ चेयरमैन ने कोर्ट में एफिडेविट फाइल की

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआइ) के चेयरमैन दिनेश कुमार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट फाइल की। इसमें बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट के 11 मार्च के निर्देश के मुताबिक इलेक्टोरल बांड से जुड़ी उपलब्ध जानकारी चुनाव आयोग को दे दी गयी है। एसबीआइ चेयरमैन ने कहा कि हमने चुनाव आयोग को पेन ड्राइव में दो फाइलें दी हैं। एक फाइल में बांड खरीदने वालों का ब्योरा है। इसमें बांड खरीदने की तारीख और रकम का जिक्र है। दूसरी फाइल में बांड भुनाने वाले राजनीतिक दलों की जानकारी है। लिफाफे में दो पीडीएफ फाइल भी हैं। ये पीडीएफ फाइल पेन ड्राइव में भी रखी गयी हैं, इन्हें खोलने के लिए जो पासवर्ड हैं, वो भी लिफाफे में दिया गया है।



एसबीआइ के हलफनामे के अनुसार 1 अप्रैल 2019 से 15 फरवरी 2024 तक 22 हजार 217 इलेक्टोरल बांड खरीदे गये। इनमें से 22,030 बांड का पैसा राजनीतिक पार्टियों ने कैश करा लिया है। पार्टियों ने 15 दिन की वैलिडिटी के भीतर 187 बांड को कैश नहीं किया, उसकी रकम प्रधानमंत्री राहत कोष में ट्रांसफर कर दी गयी।

गौरतलब है कि इलेक्टोरल बांड की जानकारी देने से जुड़े केस में एसबीआइ की याचिका पर 11 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने करीब 40 मिनट सुनवाई की थी। एसबीआइ ने कोर्ट से कहा था कि बांड से जुड़ी जानकारी देने में हमें कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन इसके लिए कुछ समय चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि एसबीआइ 12 मार्च तक सारी जानकारी का खुलासा करे। चुनाव आयोग सारी जानकारी को इकट्ठा कर 15 मार्च शाम 5 बजे तक इसे वेबसाइट पर प्रकाशित करे।

## विधि व्यवस्था पर मुख्यमंत्री के तेवर सख्त, दिये निर्देश

# आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगायें, अवैध माइनिंग को हर हाल में रोकें : चंपाई सोरेन

- धनबाद में विधि व्यवस्था का संधारण दुरुस्त करें
- शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनायें
- चिह्नित 369 बालू घाटों के संचालन का जिम्मा ग्राम पंचायत को दें
- अवैध माइनिंग रोकें, अवैध खनन में शामिल लोगों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें
- अपराध की घटनाओं पर हर हाल में लगाम लगायें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में राज्य में विधि व्यवस्था, रांची में यातायात व्यवस्था, सड़क सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण को लेकर किये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में अपराध की घटनाओं पर हर हाल में लगाम लगायें। घटित आपराधिक घटनाओं की प्रवृत्ति को सूचीबद्ध करें। हत्या, डकैती, लूट, छिनतई, चोरी, साइबर अपराध सहित अन्य विभिन्न मामलों का अलग-अलग समीक्षा की जाये। जमीन खरीद-बिक्री से जुड़ी आपराधिक की घटनाओं की जांच कर, संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। अफीम की खेती रोकने के लिए जंगल बचाओ ग्राम समितियों को साथ लेकर जागरूकता अभियान चलायें। साइबर क्राइम से जुड़ी घटनाएं बढ़ रही हैं। इसे प्राथमिकता में लें। इसके लिए लोगों को जागरूक भी करें। अपराध मुक्त झारखंड का निर्माण सरकार की प्राथमिकता है।

**असामाजिक तत्वों पर करें कार्रवाई:** चंपाइ सोरेन ने कहा कि बीते कुछ महीनों में धनबाद जिला में ऑर्गेनाइज्ड क्राइम सहित अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया गया है। धनबाद जिला में विधि व्यवस्था के संधारण पर विशेष नजर रखें। हाल की घटनाओं की तफ्तीश शीघ्र पूरा कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में कई धार्मिक स्थलों पर असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ एवं अन्य घटनाओं को अंजाम दिया गया है। इस प्रकार की घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द की जाये।

**अवैध खनन एक बड़ मुद्दा है:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अवैध खनन एक बड़ा मुद्दा है। अवैध खनन को लेकर राज्य की छवि धूमिल हो रही है। अवैध माइनिंग की रोकथाम के लिए विशेष नजर रखने की जरूरत है। अवैध खनन से जुड़े लोगों पर पुलिस कानूनी-कार्रवाई सुनिश्चित करे। राज्य और जिला स्तर पर अवैध खनन की रोकथाम के लिए गठित टास्क फोर्स को सक्रिय करें। कोयला, बालू, लौह अयस्क, पत्थर सहित अन्य खनिज संपदाओं के अवैध खनन और उसके ट्रांसपोर्टिंग को रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाये जायें। उन्होंने कहा कि अवैध खनन रोकने के नाम पर सिर्फ वाहनों को पकड़ कर एफआइआर दर्ज करने की खानापूर्ति न करें, बल्कि बिना चालान के वाहनों में कैसे कोयला लोडिंग की जाती है, इसकी भी जांच सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर सिस्टम के भीतर कोई मिलीभगत है तो, इसकी जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाये।

**बालू की उपलब्धता सुनिश्चित करें अधिकारी:** चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य में बालू घाटों की टेंडर प्रक्रियाओं में तेजी लायें। राज्य की जनता को सुगमतापूर्वक बालू उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कैटिगरी-1 वाले चिह्नित 369 बालू घाटों को ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित करने की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करें। राज्य में 369 बालू घाटों का संचालन ग्राम पंचायत करेगी तभी ग्रामीण क्षेत्र के अलावा शहरी क्षेत्र में भी बालू की मांग को पूरा किया जा सकेगा।



### ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनायें

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम किया जाये। विभिन्न तरह के निर्माण कार्य की वजह से अगर ट्रैफिक से संबंधित समस्याएं उत्पन्न होती हैं, तो इनका वैकल्पिक उपाय निकालते हुए जाम की समस्या से लोगों को निजात दिलायें। रांची में चलने वाले ऑटो रिक्शा एवं ई-रिक्शा चालकों को परमिट देने तथा रूट निर्धारित करने की दिशा में कार्रवाई करें। नगर निगम द्वारा संचालित सिटी बसों के यात्री पड़ाव एवं समय का निर्धारण सुनिश्चित करें।

## न्यूज रील्स

### भाजपा की दूसरी लिस्ट जारी, 72 नाम

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार की शाम भाजपा की दूसरी लिस्ट जारी हुई। इसमें 72 नाम हैं। नागपुर से नितिन गडकरी, मुंबई नॉर्थ से पीयूष गोयल और हमीरपुर से अनुराग ठाकुर को टिकट दिया गया है। भाजपा ने 2 मार्च को जारी पहली लिस्ट में 195 उम्मीदवारों के नाम जारी किये थे। पहली और दूसरी लिस्ट को मिला कर पार्टी ने कुल 267 उम्मीदवार के नाम जारी कर दिये हैं।

### कांग्रेस ने किया नारी न्याय गारंटी योजना का वादा

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले बुधवार को कांग्रेस ने नारी न्याय गारंटी योजना का वादा किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया पर इसका एलान किया। इसके तहत कांग्रेस ने गरीब महिलाओं को हर साल एक लाख रुपये की मदद का वादा किया है। साथ ही कहा कि सरकारी नियुक्तियों में महिलाओं को आधा हक दिया जायेगा।

### जलसंकट के बीच बेंगलुरु छोड़ रहे लोग

बेंगलुरू। देश में तीसरी सबसे अधिक आबादी वाले शहर बेंगलुरु में जल संकट गहरा गया है। इस कारण लोग पलायन करने लगे हैं। विभिन्न कंपनियों पर कर्मचारियों की तरफ से वर्क फ्राम होम का दबाव बढ़ रहा है। जिससे वे बंगलुरु छोड़ सकें।

# हम उज्ज्वल भविष्य की ओर एक बड़ा कदम उठा रहे: मोदी

प्रधानमंत्री ने तीन सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट की नींव रखी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में भारत ने नयी शुरुआत की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपये की तीन सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट की नींव रखी। चिप निर्माण प्रोजेक्ट में से एक असम के मोरिगांव और दो गुजरात के धोलेरा और सानंद में स्थापित होंगी। इस प्रोजेक्ट की नींव रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम उज्ज्वल भविष्य की ओर एक बड़ा कदम उठा रहे हैं। चिप निर्माण भारत को आत्मनिर्भरता, आधुनिकता की ओर ले जायेगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के साथ टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखर, असम के



मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और 60 हजार से ज्यादा विश्वविद्यालय और शैक्षणिक संस्थान वर्चुअली जुड़े। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज एक ऐतिहासिक दिन है। आज, हम इतिहास भी लिख रहे हैं और उज्ज्वल भविष्य की ओर मजबूत कदम उठा रहे हैं। 21वीं सदी तकनीक आधारित सदी है, जिसकी कल्पना चिप्स के बिना नहीं की जा सकती। पिछले महीने केंद्रीय कैबिनेट ने तीन सेमीकंडक्टर यूनिट की स्थापना की मंजूरी दी थी। तीनों प्रोजेक्ट में मैन्युफैक्चरिंग का काम 100 दिनों के अंदर शुरू होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेड इन इंडिया चिप भारत को आत्मनिर्भरता की तरफ ले जायेगी।

### सेमीकंडक्टर चिप क्या होती है?

सेमीकंडक्टर चिप सिलिकॉन से बनी होती है और सर्किट में इलेक्ट्रिसिटी कंट्रोल करने के काम आती है। ये चिप एक दिमाग की तरह इन गैजेट्स को ऑपरेट करने में मदद करती है। इसके बिना हर एक इलेक्ट्रॉनिक आइटम अधूरा है। कंप्यूटर, लैपटॉप, कार, वॉशिंग मशीन, एटीएम, अस्पतालों की मशीन से लेकर हाथ में मौजूद स्मार्टफोन तक सेमीकंडक्टर चिप पर ही काम करते हैं।

# दो स्कूली छात्राओं के साथ दो दिनों तक दुष्कर्म

- दो दिनों तक दुष्कर्म करनेवाले तीनों आरोपी भी नाबालिग
- पुलिस ने तीनों आरोपियों को भेजा बाल सुधार गृह

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड के गुमला जिले में डुमरी थाना क्षेत्र की दो नाबालिग स्कूली छात्राओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत डुमरी थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई। दोनों डुमरी के स्कूल में आठवीं और एक दसवीं की छात्रा हैं। पुलिस ने तीन नाबालिग लड़कों को पकड़ कर बाल सुधार गृह भेज दिया। जानकारी के अनुसार दोनों छात्राएं 9 मार्च को टांगीनाथ में मेला घूमने गयी थीं। वहीं एक छात्रा की जान पहचान के लड़के के साथ मुलाकात हुई। उस लड़के ने छात्रा और उसकी दोस्त को बाइक से घर पहुंचाने के नाम पर अपने साथ लेकर गया। वह लड़का घर पहुंचाने की जगह दोनों छात्राओं को जैरागी में बन रहे अपने नये घर में ले गया। इसके बाद छात्र ने अपने दो अन्य दोस्तों को बुलाया। दोनों छात्राओं के साथ 9 और 10 मार्च को सभी लड़कों ने शारीरिक संबंध बनाया। डरी-सहमी छात्राएं 11 मार्च को अपने किसी दोस्त के घर रुकीं और 12 मार्च को अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान परिजनों से रास्ते में मुलाकात हो गयी और छात्राओं ने पूरी आपबीती सुनायी, जिसके बाद थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। डुमरी पुलिस ने घटना में शामिल सभी तीनों नाबालिग लड़कों को पकड़ा और बाल सुधार गृह भेज दिया है। वहीं छात्राओं की मेडिकल जांच करायी। कोर्ट में उनका बयान भी दर्ज करवाया।

### मझगांव में भी छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म

मझगांव (आजाद सिपाही)। मझगांव थाना क्षेत्र के गडकेशना गांव में लगभग 13 वर्षीय स्कूली छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बुधवार को पीड़ित छात्रा की मां ने इसकी सूचना मझगांव थाना को दी। पीड़ित छात्रा की मां ने बताया कि मंगलवार सुबह 11 बजे बेटी नहाने के लिए गांव से कुछ दूरी पर स्थित तालाब पर गयी थी। तभी गडकेशना गांव के पांच लड़कों ने मेरी बेटी से सामूहिक दुष्कर्म किया। उन्होंने किसी को नहीं बताने की धमकी दी। काफी देर बाद छात्रा अर्धनग्न अवस्था में घर पहुंची। शाम को जब हम और उसके पिता जंगल से घर आये, तो घटना के बारे में जानकारी मिली। धमकी के कारण हम लोग भी डरे हुए थे। फिर बुधवार सुबह मझगांव थाना प्रभारी को घटना की जानकारी दी। सूचना के अनुसार छात्रा उत्क्रमित उच्च विद्यालय किशनगढ़ में पढ़ाई कर रही है।

# जेल से हेमंत सोरेन लड़ेंगे लोकसभा का चुनाव!


झामुमो बना रहा है दुमका से चुनाव लड़ाने का रणनीति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** तथाकथित जमीन घोटाला में गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लोकसभा चुनाव लड़ाने की तैयारी झारखंड मुक्ति मोर्चा कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक दुमका से उन्हें चुनाव लड़ाने की तैयारी शुरू कर दी है। अगर ऐसा हुआ तो संभावना है कि जेल में बंद रहते हुए हेमंत सोरेन चुनाव मैदान में उतरेंगे। दरअसल दुमका से चुनाव लड़ने



को लेकर झामुमो की ये सोच है कि अगर ऐसा हुआ, तो इसका असर पूरे झारखंड में आदिवासी वोट बैंक पर पड़ सकता है। जनता के बीच ये संदेश देने की कोशिश होगी कि भाजपा के षड्यंत्र की वजह से हेमंत सोरेन जेल में बंद हैं। उनको वोट देकर जीत दिलायें, ताकि भाजपा को ये संदेश जाये कि हेमंत सोरेन जेल में बंद होने के बावजूद चुनाव लड़ सकते हैं और जीत भी सकते है। झामुमो इसे एक भावनात्मक मुद्दा बना कर झारखंड में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है। हालांकि पिछली बार दुमका की सीट से शिबू सोरेन चुनाव लड़े थे और उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस बार स्वास्थ्य कारणों से शिबू सोरेन चुनाव नहीं लड़ेंगे। पूरी संभावना है कि सोरेन परिवार का ही कोई सदस्य दुमका से चुनाव लड़े, क्योंकि ये उनकी पारंपरागत सीट रही है। हेमंत सोरेन के दुमका से चुनाव लड़ने पर अंतिम फैसला पार्टी अध्यक्ष शिबू सोरेन को ही लेना है। दो दिन पहले मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने होटवार जेल जाकर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की थी। सूत्रों के मुताबिक इस मुलाकात में लोकसभा चुनाव में सीट और उम्मीदवारों के चयन से लेकर हेमंत सोरेन के दुमका से चुनाव लड़ने की संभावनाओं पर भी चर्चा की गयी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 61,500 रु./10 ग्राम
चांदी 76,000 रु./प्रति किलो



# झारखंड में संसदीय चुनाव के मुकाबले की तस्वीर साफ

## ■ राज्य की सभी 14 सीटों पर भाजपा और विपक्ष में होगा सीधा मुकाबला

## ■ इंडी अलायंस में सीट शेयरिंग पर 7-5-1-1 का फॉर्मूला हुआ फाइनल

## ■ पहली बार कोडरमा में होगा भाजपा और भाकपा माले के बीच मुकाबला

**लोकसभा चुनाव की गहमा-गहमी के बीच झारखंड में विपक्षी इंडी अलायंस ने सीट शेयरिंग को अंतिम रूप दे दिया है। हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर के बीच एक दिन पहले हुई बातचीत में फॉर्मूले पर सहमति की बात छन कर सामने आ रही है। वैसे अभी जिस फॉर्मूले पर सहमति की बात कही जा रही है, उसमें कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं है, क्योंकि जिन तीन सीटों पर पेंच फंसा था, वहां गठबंधन में शामिल पार्टियों ने आपसी सहमति बना ली है। बताया जा रहा है कि सिंहभूम सीट कांग्रेस ने झामुमो के लिए और कोडरमा सीट भाकपा माले के लिए छोड़ दी है। उधर लोहरदगा सीट पर झामुमो ने अपना दावा छोड़ दिया है। इस तरह अब संभावना जतायी जा रही है कि राज्य की सभी 14 संसदीय सीटों पर अब भाजपा और विपक्षी गठबंधन के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिलेगा। जहां तक भाजपा की बात है, तो उसके लिए विपक्ष से सीधे मुकाबले का अनुभव नया नहीं है, क्योंकि पिछले चुनाव में भी लगभग सभी सीटों पर ऐसा ही हुआ था और खूंटी और लोहरदगा को छोड़ कर सभी सीटों पर जीत का बड़ा अंतर रहा था। सीट शेयरिंग की आधिकारिक घोषणा के साथ इंडी अलायंस के उम्मीदवारों के एलान का इंतजार है, जो भाजपा के उम्मीदवारों को चुनौती देंगे। क्या है झारखंड में इंडी अलायंस के सीट शेयरिंग का फॉर्मूला और क्या होगा राज्य में मुकाबले की तस्वीर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

लोकसभा चुनाव की गहमा-गहमी के बीच झारखंड में विपक्षी इंडी अलायंस ने सीट शेयरिंग को अंतिम रूप देकर बड़ी कामयाबी हासिल कर ली है। सूत्रों की मानें तो झामुमो और कांग्रेस के बीच हुई बैठक में इस फॉर्मूले को अंतिम रूप दे दिया गया है। अब इस फॉर्मूले की औपचारिक घोषणा कांग्रेस आलाकमान करेगा। फॉर्मूले पर सहमति मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के साथ झारखंड मंत्रालय में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर की मुलाकात के दौरान बनी। बैठक में राजद और भाकपा माले का कोई प्रतिनिधि मौजूद नहीं था, लेकिन कहा जा रहा है कि फॉर्मूले पर दोनों दलों के शीर्ष नेतृत्व की सहमति ले ली गयी है। इस बैठक में एकजुट होकर चुनाव लड़ने और अधिक से अधिक सीट जीतने को लेकर रणनीति बनायी गयी। इंडी अलायंस की समन्वय समिति चुनाव से जुड़े बाकी सभी बिंदुओं पर मंथन करने के बाद सीट शेयरिंग का एलान करेगी। बैठक में झारखंड में लगातार भ्रमण के बाद मिले फीडबैक पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

### सभी सीटों पर होगा सीधा मुकाबला

इंडी अलायंस में सीट शेयरिंग तय हो जाने के बाद अब झारखंड के सभी 14 संसदीय क्षेत्रों में मुकाबले की तस्वीर साफ हो गयी है। इन सभी सीटों पर इंडी गठबंधन में शामिल दल एकजुट होकर लड़ेंगे और सभी पर भाजपा को सीधा मुकाबला करना होगा। इसमें केवल भाकपा का पेंच है, जिसने आठ सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है। यदि भाकपा इस घोषणा पर अड़ी रहती है, तो फिर हजारीबाग और राजमहल जैसी सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल सकता है।




### इस फॉर्मूले पर बनी है सहमति

इंडी अलायंस के घटक दलों के भीतर से जो जानकारी छन कर सामने आयी है, उसके अनुसार कांग्रेस राज्य की सात लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार देगी। झामुमो को पांच सीटों पर उम्मीदवार खड़ा करना है, जबकि राजद और भाकपा माले को एक-एक सीट पर प्रत्याशी उतारना है। जानकारों का मानना है कि जिन तीन सीटों को लेकर इंडी अलायंस में पेंच फंसा था, उसे भी हल कर लिया गया है। कांग्रेस ने सिंहभूम सीट झामुमो के लिए छोड़ दी है, जबकि कोडरमा सीट उसने भाकपा माले को दे दी है। उधर लोहरदगा सीट पर झामुमो ने अपना दावा छोड़ दिया है। फॉर्मूले के तहत कांग्रेस रांची, हजारीबाग, खूंटी, लोहरदगा, धनबाद, गोड्डा और चतरा सीट से उम्मीदवार देगी। झामुमो के कोटे में सिंहभूम, जमशेदपुर, गिरिडीह, दुमका और राजमहल सीट दी गयी है। राजद को पलामू सीट से उम्मीदवार देने को कहा गया है, जबकि कोडरमा से भाकपा माले लड़ेगी।

### कितना कारगर होगा यह फॉर्मूला

सीट शेयरिंग तय हो जाने के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि इंडी अलायंस का यह फॉर्मूला कितना कारगर हो सकेगा। यह सही है कि सीधा मुकाबला होने से सभी सीटों पर रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा, लेकिन 2019 के चुनाव परिणामों पर नजर डालने से स्पष्ट हो जाता है कि इंडी अलायंस के एकजुट होकर लड़ने से कोई खास अंतर नहीं आनेवाला है। पिछली बार भी लगभग सभी सीटों पर सीधा मुकाबला ही हुआ था। पिछले चुनाव में राज्य की जिन 11 सीटों पर भाजपा और एक सीट पर उसकी सहयोगी आजसू जीती थी, उनमें से खूंटी और लोहरदगा को छोड़ कर हर सीट पर जीत का अंतर काफी बड़ा था। खूंटी और लोहरदगा में जीत का अंतर बहुत कम रहा था, लेकिन इस बार भाजपा ने लोहरदगा से समीर उरांव को उतार कर स्थिति में सुधार की कोशिश की है। इस बार इंडी अलायंस की तरफ से कहा जा रहा है कि यह महत्वपूर्ण नहीं है कि कौन कितनी सीट पर लड़ेगा। चुनावी मैदान में जीतने वाले उम्मीदवार को उतारा जायेगा। सीट के आंकड़े महत्वपूर्ण नहीं हैं। इस बार परिस्थितियां बदली हुई हैं।

### इंडी अलायंस के पास जिताऊ उम्मीदवार का टोटा

तमाम दावों और सीधे मुकाबले में भाजपा को पटखनी देने के दावों के बीच यह भी देखना दिलचस्प है कि इंडी अलायंस के पास जिताऊ उम्मीदवार हैं या नहीं। भाजपा ने 11 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है, लेकिन विपक्ष की तरफ से अब तक किसी उम्मीदवार का नाम तय नहीं है। राजमहल सीट से विजय हांसदा एक बार फिर झामुमो की तरफ से उतरेंगे, यह लगभग तय है। इसके अलावा कांग्रेस के पास गोड्डा के अलावा कहीं भी मजबूत उम्मीदवार नहीं है। उधर झामुमो भी ऐसे उम्मीदवारों के नामों पर मंथन कर रहा है, जो भाजपा को मजबूत टक्कर दे सकें। जहां तक कांग्रेस की बात है, तो वहां अभी उम्मीदवारों के नाम पर विचार ही चल रहा है। वैसे भी जिन सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवार उतारेगी, उनमें से अधिकांश पर भाजपा का दबदबा है। सच तो यह है कि गीता कोड़ा के भाजपा में शामिल हो जाने के बाद कांग्रेस के पास ऐसा कोई उम्मीदवार ही नहीं है, जो अपने बूते मतदाताओं को प्रभावित कर सके। कुछ हद तक लोहरदगा में सुखदेव भगत टक्कर देने की स्थिति में हैं। खूंटी में अगर कालीचरण मुंडा को टिकट मिलता है, तो वह अर्जुन मुंडा के लिए कुछ हद तक चुनौती पेश कर सकते हैं, लेकिन अगर दयामनी बारला को टिकट मिलता है, तो वहां भी मुकाबला एकतरफा होना तय है। वैसे अर्जुन मुंडा ने खूंटी में पहले की अपेक्षा अपनी स्थिति काफी मजबूत की है। उन्होंने दर्जनों बड़ी योजनाओं को यहां धरातल पर उतारा है। केंद्रीय मंत्री बनने के बाद उनका चेहरा बड़ा हुआ है। अभी चुनावी मुद्दों पर कोई बात ही नहीं हुई है, जबकि भाजपा ने मोदी सरकार के कामकाज और मोदी की लोकप्रियता पर वोट मांगने का फैसला कर लिया है।

### झारखंड में शुरू से ही हिचकोले खा रहा था इंडी अलायंस

झारखंड में सत्तारूढ़ तीन पार्टियों, झामुमो, कांग्रेस और राजद की मिली-जुली सरकार चल रही है और ये तीनों दल इंडी अलायंस में शामिल हैं, लेकिन लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे के मुद्दे पर भाकपा के एलान के बाद इस अलायंस को बरकरार रखना एक बड़ी चुनौती बन गयी थी। झारखंड में इंडी अलायंस में इन तीन दलों के अलावा भाकपा, माकपा और भाकपा माले शामिल हैं। जदयू इस अलायंस से बाहर निकल चुका है। गठबंधन के भीतर शुरू से ही मतभेद की बातें सामने आने लगी थीं। ये मतभेद खास कर सीट शेयरिंग के मुद्दे पर ही थे, लेकिन अब मतभेद सुलझा लिये गये हैं, तो इसका कुछ असर होना स्वाभाविक है।

---

इडी की छापेमारी के बाद अंबा का आरोप

## भाजपा का ऑफर ठुकराने के बाद हुई कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के बड़कागांव से कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने अपने आवास पर हुई इडी की छापेमारी के बाद बीजेपी पर जम कर हमला बोला।



उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ हुई यह कार्रवाई भारतीय जनता पार्टी के ऑफर ठुकराने के बाद हुई है। मेरे माता-पिता ने मुझे राजनीति न करने की सलाह दी है, लेकिन इससे हम लोग डरनेवाले नहीं हैं। मैं जिस सोच के साथ अपने क्षेत्र और राज्य की जनता की आवाज उठाती रही हूं, उसे मैं लगातार करती रहूंगी।

**क्या कहा विधायक अंबा प्रसाद ने :** अंबा प्रसाद ने इडी की कार्रवाई के बाद पत्रकारों से बातचीत में बीजेपी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुझे सबसे पहले भाजपा ने हजारीबाग और चतरा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने का ऑफर दिया था। उसे मैंने टाल दिया। इसके बाद बीजेपी और आरएसएस के लोग मेरे घर पर आकर घंटों बैठे रहते थे। इस छापेमारी के कारण मेरे माता-पिता बेहद परेशान हैं। मुझे भी घंटों टॉर्चर किया गया। जिस तरह की राजनीति बीजेपी कर रही है, इससे लोगों को समझने की जरूरत है।

**एनटीपीसी और अडाणी के खिलाफ आवाज न उठाने को कई बार बोला गया :** अंबा प्रसाद ने आगे कहा कि मुझे एनटीपीसी और अडाणी के खिलाफ विधानसभा में मामले नहीं उठाने को कहा गया। इसके बावजूद मैंने खुल कर आवाज उठायी। इडी ने मेरे घर से विधानसभा से जुड़ी फाइल के अलावा मेरे पिता से जुड़े केस की फाइल के साथ मेरी बहन की एक संदूक, जो बायोमैट्रिक से खुलती थी, उसे लेकर गयी है। इडी की छापेमारी के बाद मां ने मुझसे कहा कि अब हमें राजनीति नहीं करनी है, लेकिन हम इससे डरनेवाले नहीं हैं। हम यह लड़ाई आगे भी लड़ते रहेंगे।

### एक दिन में ही आइएएस के तबादले में संशोधन

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार ने तबादले में फिर संशोधन किया। 12 मार्च को जारी अधिसूचना से श्री कृष्ण लोक सेवा संस्थान के महानिदेशक सुखदेव सिंह को मुख्य स्थानिक आयुक्त झारखंड भवन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था, उस आदेश को विलोपित कर दिया गया। वहीं खाद्य आपूर्ति सचिव अमिताभ कौशल को अपने कार्यों के साथ सचिव सूचना जनसंपर्क विभाग बनाया गया था, उस आदेश को भी विलोपित कर दिया गया है। यानी इन दोनों पदों पर फिर से नये सिरे से अधिकारियों की नियुक्ति होगी। इस संबंध में कार्मिक विभाग में अधिसूचना जारी कर दी है।

## अंबा बतायें, किसने बनाया था भाजपा से चुनाव लड़ने का दबाव: आदित्य साहू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने आरोप लगाया है कि भाजपा उन पर चतरा या हजारीबाग लोकसभा सीट से पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़ने का दबाव बना रही थी। इसको लेकर भाजपा के प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अंबा प्रसाद इडी की कार्रवाई के बाद अनर्गल बयानबाजी कर रही हैं। कहा कि अंबा प्रसाद यह बतायें कि आखिर वह कौन लोग हैं, जो उन पर भाजपा से चुनाव लड़ने का दबाव बना रहे थे। उन लोगों का नाम और चेहरा उजागर करें। बड़कागांव की जनता यह जानना चाहती है।

आदित्य साहू ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में पिछले 15 साल से अंबा प्रसाद के परिवार के लोग चुनाव जीत रहे हैं।

वहां की स्थिति इन्होंने खराब कर दी है। खुलेआम बालू की लूट हो रही है। पुलिस जब बालू लदे ट्रक को जब्त करती है तो उनके गुर्गे जबरदस्ती थाना से छुड़ा कर ले जाते हैं। उन्होंने अंबा प्रसाद पर पतरातू में कयूम अंसारी और जमील अंसारी की जमीन लूटने का आरोप लगाया।

**यूपी और बिहार जा रहा झारखंड का बालू**

**आदित्य साहू ने कहा कि जब-जब झारखंड में कांग्रेस के समर्थन से सरकार बनती है, राज्य में खान, खनिज और जमीन की लूट होती है। झारखंड का बालू यूपी और बिहार जा रहा है, लेकिन यहां के लोगों को 50 रुपये बोरी बालू खरीदना पड़ रहा है। भाजपा के नेतृत्व में जब सरकार थी, तब गांव के लोगों को बालू बिक्री का अधिकार दिया गया था, लेकिन गठबंधन की सरकार राज्य में बालू से तेल निकाल कर पीने का काम कर रही है।**




बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता विनय कुमार सिंह ने लगाये गोविंदपुर सीओ पर आरोप

## सीओ शशि भूषण सिंह ने परिवार के नाम पर 41 संपत्तियां खरीदी

**सीओ शशि भूषण सिंह का अपराधी प्रिंस खान से गहरा नाता**

**प्रचलन से बाहर हो चुके 2000 के पांच लाख नोट भी बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय ने सीओ शशिभूषण सिंह के ठिकाने पर भी छापेमारी की थी। इडी ने गोविंदपुर सीओ शशिभूषण सिंह के घर पर छापेमारी कर 15 लाख कैश बरामद किये। इसको लेकर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विनय कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कई गंभीर आरोप लगाये हैं। कहा कि शशिभूषण सिंह की अमीरी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आवास से चलन से बाहर होने के बाद भी 2000 के नोट मिले। बरामद पांच लाख सिर्फ 2000 के नोट हैं। इन्होंने इन नोटों को बदलवाने की जरूरत नहीं समझी।

विनय कुमार सिंह ने कहा है कि गोविंदपुर अंचल कार्यालय में काम करनेवाले गुलरेज, सोनू, अदनान सुमित और मेहदी जैसे कुछ कर्मचारी, सीओ का अंडरवर्ल्ड के साथ संबंध है। ये उनके लिए दलाली का काम भी करते हैं। प्रिंस खान नेटवर्क के नाम पर लोगों को धमकाना और पैसे वसूल कर प्रिंस खान और सीओ को पहुंचना इनका प्रमुख काम है। यह धंधा गोविंदपुर के ऑफिस में पिछले कई वर्षों से निर्बाध रूप से चल रहा है।



### शशि भूषण सिंह की संपत्ति

**विनय कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि शशि भूषण सिंह ने परिवार के नाम पर 41 संपत्तियां खरीदी हैं। इसमें पत्नी गीता देवी, पूजा सिंह, रिया सिंह, प्रीति सिंह, मतबर सिंह, मनीष सिंह, मकसूदन सिंह, धनंजय सिंह, सुमन कुमारी, बलबीर जैन, रेणु सिंह, बलवीर जैन, निशांत कुमार, दिव्या कुमारी, नेहा कुमारी, अशोक कुमार, गोलु कुमार, मंगलू सिंह, गीता सिंह और विक्की कुमार के नाम पर रांची के नामकुम, अरगोड़ा, हेसाग, हटिया और तुपुदाना अंचल में कई एकड़ जमीन ले रखी है।**

### शशि भूषण सिंह की संपत्तियों का ब्योरा

| नाम | अंचल | रकबा |
|---|---|---|
| गीता देवी | नामकुम | 12 डिसमिल |
| पूजा देवी | नामकुम | 04 डिसमिल |
| गीता देवी | अरगोड़ा | एक कट्ठा |
| गीता देवी | अरगोड़ा | 4.48 डिसमिल |
| गीता देवी | अरगोड़ा | 1.85 डिसमिल |
| गीता देवी | नामकुम | 14 डिसमिल |
| पूजा देवी | नामकुम | 10 डिसमिल |
| गीता देवी | नामकुम | 1.50 एकड़ |
| रिया सिंह | नामकुम | 05 डिसमिल |
| मतबर सिंह | नामकुम | 26 डिसमिल |
| मनीष कुमार | नामकुम | 7.09 डिसमिल |
| मकसुदन सिंह | नामकुम | 20 डिसमिल |
| धनंजय सिंह | नामकुम | 05 डिसमिल |
| मनीष कुमार | नामकुम | 10 डिसमिल |
| सुमन कुमारी | नामकुम | 1.14 डिसमिल |
| मकसुदन सिंह | नामकुम | 05 डिसमिल |
| रेणु सिंह | नामकुम | 12.45 डिसमिल |
| धनंजय सिंह | नामकुम | 05 डिसमिल |
| बलवीर जैन | नामकुम | ------ |
| मकसुदन सिंह | नामकुम | 6.6 डिसमिल |
| मकसुदन सिंह | नामकुम | 20 डिसमिल |
| मतवर सिंह | नामकुम | 26 डिसमिल |
| निशांत कुमार | हेसाग | 2.07 डिसमिल |
| निशांत कुमार | हेसाग | 12 डिसमिल |
| दिव्या कुमारी | हेसाग | 1.26 डिसमिल |
| निशांत कुमार | हेसाग | तीन डिसमिल |
| नेहा कुमारी | हेसाग | 1.5 डिसमिल |
| मनीष कुमार | हेसाग | 10 डिसमिल |
| अशोक कुमार | हटिया | 05 डिसमिल |
| मनीष कुमार | हेसाग | 7.9 डिसमिल |
| मनीष कुमार | तुपुदाना | 20 डिसमिल |
| नेहा कुमारी | तुपुदाना | 27 डिसमिल |
| बिक्की कुमारी | तुपुदाना | 04 डिसमिल |
| निक्की कुमारी | डुंगरी | 5.06 डिसमिल |
| धनंजय सिंह | डुंगरी | 06 डिसमिल |
| मंगलु सिंह | पुंदाग | 07 डिसमिल |
| गीता सिंह | हिनु | 07 डिसमिल |

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

189200 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+

12 Crore + Watch Time (min)

YouTube Channel

Channel

Subscribe NOW


### वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.8 °C | 17.6 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.56 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.59 बजे |

# सीएम से मिला बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट का शिष्टमंडल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास में बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट रांची का शिष्टमंडल मिला। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार द्वारा बांगला भाषा को प्राथमिक स्तर के विद्यालय में पुनर्स्थापित करने के निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया।

मुख्यमंत्री के समक्ष प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोगों ने संयुक्त रूप से कहा कि बांगला भाषा की पढ़ाई में पाठ्यक्रम पुस्तकों की उपलब्धता और प्राथमिक स्तर से उच्च स्तर तक शिक्षकों की नियुक्ति पूर्व के वैभव को स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड में निवास करने वाले बांगली समुदाय के सर्वांगीण विकास, उत्थान के लिए किये जा रहे कार्य काफी प्रशंसनीय हैं।



## बंगाली समुदाय के विकास के लिए सरकार संकल्पित: सीएम चंपाई सोरेन

मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि झारखंड के सभी रेलवे जंक्शन, स्टेशन एवं ठहराव पर पूर्व की तरह नाम पट्टिका में बांगला लिपि का भी प्रयोग किये जाने की दिशा में राज्य सरकार सकारात्मक पहल करे और रांची स्थित कोकर से शुरू होकर बहुबाजार तक बनने वाले कांटाटोली फ्लाइओवर का नामांकन नेताजी सुभाष चंद्र बोस फ्लाइओवर के रूप में किये जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बंगाली भाषा के संवर्धन और बंगाली समुदाय के विकास के लिए सरकार कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर राज्य सरकार सकारात्मक कार्रवाई करेगी।


E-mail - mdjscb@jscb.gov.in Ph. No. 0651-2913111
Jharkhand State Cooperative Bank Ltd, Ranchi
1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi- 834001

Ref. 3853 Date: 13.03.2024

Jharkhand State Cooperative Bank Ltd. Invites **"RFP for IT/IS Audit"** for JSCB.

Last date for submission of documents : **12.04.2024 till 12:00 Noon.**

For eligibility criteria and other details, please visit website : **http://www.jscb.gov.in**

Sd/-
CEO, JSCB Ranchi



देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.in


# अंबा प्रसाद के आवास पर दूसरे दिन भी जारी रही इडी की छापेमारी

## इडी के आधा दर्जन पदाधिकारी लगातार 36 घंटे तक करते रहे छापेमारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** बड़कागांव से कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के हुडहुडू स्थित आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की छापेमारी दूसरे दिन भी जारी रही। इडी के आधा दर्जन पदाधिकारी लगातार 36 घंटे तक छापेमारी करते रहे। बुधवार को भी आधा दर्जन इडी के पदाधिकारी आवास में डटे रहे। इस दौरान बुधवार को भी आवास में किसी के आने और बाहर जाने का आदेश नहीं था। मंगलवार को इडी के करीब 40 अधिकारी अंबा प्रसाद तथा उनके करीबी समेत अन्य के 17 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। लेकिन बुधवार को हजारीबाग स्थित हुडहुडू स्थित अंबा प्रसाद के एक आवास में ही छापेमारी जारी रही। विधायक आवास के एक कमरे की चाभी नहीं मिलने के कारण अधिकारियों ने उस कमरे के दरवाजे को भी तोड दिया। छापेमारी के दौरान बीच-बीच में उनकी मां और पूर्व विधायक निर्मला देवी से भी इडी पूछताछ कर रही थी। जहां एक और उनके भाई से जानकारी इकट्ठा की जा रही है तो दूसरी ओर जो दस्तावेज बरामद किये गये हैं, उसके बारे में भी जानकारी ली जा रही है। कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद की मां ने कहा कि इडी के अफसरों ने जो भी पूछताछ की है, उनका सही जवाब दिया गया है। इडी लगातार पूछताछ कर रही है। समय-समय पर पदाधिकारी भी बदले जा रहे हैं। जो भी जानकारी इडी के पदाधिकारी ले रहे हैं उनका सही-सही जवाब भी दिया जा रहा है। अंबा की मां ने कहा कि मेरी बेटी को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है लेकिन बदनाम कौन कर रहा है इस पर उन्होंने चुप्पी साध ली।



# देवघर में 25 को होगा हरिहर मिलन

## हरि से हर के मिलन के लिए रातभर खुलेगा दरबार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** होली का त्योहार 25 मार्च को मनाया जायेगा। बाबा मंदिर की होली परंपरा के अनुसार होगी। 24 मार्च को हरि यानी भगवान विष्णु, हर यानी महादेव का मिलन करा कर बाबा नगरी में बाबा भोलेनाथ का स्थापना दिवस मनाया जायेगा। मान्यता है कि इस दिन फाल्गुन मास पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु के द्वारा महादेव की शिवलिंग को जमीन पर रख शिवलिंग की स्थापना की गयी थी। बाबा मंदिर के इस्टेट पुरोहित श्रीनाथ पंडित ने बताया कि रात साढ़े दस बजे से लेकर देर रात 12 बजे तक हरिहर मिलन का शुभ मुहूर्त है, लेकिन बाबा मंदिर में श्रृंगार पूजा, अन्य पूजा को देख कर ही सही समय तय किया जायेगा।

इस बार रात के करीब साढ़े दस बजे बड़ा बाजार स्थित दोल मंच पर होलिका की पूजा के बाद होलिका का दहन किया जायेगा। इसके बाद हरि जी को पालकी पर बिठा कर मंदिर के भंडारियों द्वारा बड़ा बाजार होते हुए पूरब द्वारा से मंदिर लाकर रात के करीब पौने ग्यारह बजे हरि का हर से मिलन कराया जायेगा। इस प्रेम के मिलन को देखने के लिए भारी संख्या में लोग गर्भ गृह में मौजूद रहेंगे। परंपरा के अनुसार 24 मार्च को शाम चार बजे बाबा मंदिर का पट खुलेगा। सरदार पंडा सबसे पहले बाबा पर गुलाल अर्पित कर देवनगरी की होली को प्रारंभ करेंगे। इसके बाद रात करीब पौने ग्यारह बजे हरिहर मिलन होने के बाद बाबा की श्रृंगार पूजा कर मंदिर का पट बंद किया जायेगा। बाबा मंदिर के भीतरखंड स्थित राधाकृष्ण मंदिर से भगवान कृष्ण की प्रतिमा को पुजारी द्वारा निकाला जायेगा। इसके बाद भगवान को बाबा मंदिर परिसर में पालकी पर बिठा कर ढोल-नगाड़े की थाप पर शोभायात्रा निकाली जायेगी। पश्चिम द्वार से पालकी के साथ शोभा यात्रा निकलने के बाद मंदिर के सभी गेट पर लाकर भगवान को भोग लगाने की परंपरा होगी। इसके साथ यह यात्रा दोल मंच के लिए प्रस्थान करेगी। इस बीच रास्ते में पड़ने वाले सभी चौक-चौराहों पर राधाकृष्ण मंदिर के पुजारी सह उपचारक भक्तिनाथ फलहारी की अगुवाई में मालपुआ का भोग लगाया जायेगा।



## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** — रोजी-रोजगार की स्थिति में सुधार, नयी व्यापारिक योजना बनेगी, नियमित आमदनी के साधन बनेंगे।

**वृष** — अनेक परेशानियों का स्वतः निवारण होता रहेगा, लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे।

**मिथुन** — घरेलू सामजस्य बनने लगेगा, उत्साह उमंग भरा होगा, नौकरी में पदोन्नति तथा व्यवसाय में लाभ के प्रेम संबंधो में सुधार।

**कर्क** — विद्यार्थियों को अध्ययन अध्यवसाय में रूचि, सुख-सौहार्द्र की वृद्धि, कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण रहेगा।

**सिंह** — अस्वाभविक भोग-वासना की वृद्धि होगी, रूके हुए कार्य में तेजी आयेगी, लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे।

**कन्या** — कठिन परिश्रम-प्रयत्न से बेरोजगारों को रोजगार मिलने की संभावना, क्रमशः आमदनी के साधनों में सुधार होगा।

**तुला** — प्रेम प्रसंग में उलझनें दूर होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, व्यापारिक यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी।

**वृश्चिक** — क्रोध पर नियत्रंण रखें, परिश्रम-प्रयत्न से नौकरी-व्यापार में उन्नति आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

**धनु** — कर्मक्षेत्र में प्रंशसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा, पैसे का लाभ होगा। बड़े-बुजुर्गों का प्यार मिलेगा।

**मकर** — दिन-भर अनावश्यक भाग-दौड़ करनी पड़ सकती है, आय के स्रोत बढ़ेंगे, संतान संबंधी समस्या का हल होगा।

**कुंभ** — किसी भी यथोचित कार्य में आपकी भाग्य बाधा हो सकता है, जॉब में अप्रिय प्रसंगों की प्राप्ति।

**मीन** — काम-काज की स्थिति में सुधार होगा, प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी हो सकती है।




## भाकपा माले ने लगाया आरोप, निबंधन कार्यालय में भ्रष्टाचार हावी

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** भाकपा माले नेता मुन्ना यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि कोडरमा निबंधन कार्यालय में निबंधन पदाधिकारी के द्वारा लेनदेन का मामला चल रहा है। इस कारण खतियानी जमीन को बिना वंशावली के केवाला किया जा रहा है। नियम कानून को ताख पर रख कर निबंधन पदाधिकारी के द्वारा जमीन का रजिस्ट्री किया गया है। कहा है कि अंचल चंदवारा थाना नंबर 3 मौजा लाराबाद खाता नंबर 19 प्लॉट नंबर 56 रकवा 199 डीसमील मध्य बिक्री रकवा दो डिसमिल जमीन खतियान के द्वारा केवल किया गया। केवाला वंशावली के आधार पर होना चाहिए था। बिना वंशावली और लगान रसीद लगाए हुए केवाला कर दिया गया है। निबंधन पदाधिकारी के मिली भगत से कई केवाला इस तरह का किया गया है। लगान रसीद, वंशावली नहीं लगाकर खतियान के जमीन का केवाला किया गया है। कार्यालय में भ्रष्टाचार सर चढ़कर बोल रहा है। इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की है और कहा कि हमारे पास कई प्रमाण उपलब्ध हैं। उच्च स्तरीय जांच कर निबंधन पदाधिकारी के ऊपर कार्रवाई किया जाये अंचल चंदवारा दाखिल खारिज केस नंबर 1536 वर्ष 2023/2024 वंशावली और लगान रसीद नहीं लगाकर रजिस्ट्री करने के कारण 12 मार्च 2024 को रिजेक्ट कर दिया गया है। इधर निबंधन पदाधिकारी ने आरोपों से इनकार किया है।

## आजीविका महिला मंडल ने मनाया महिला दिवस



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अंतर्गत पथलडीहा पंचायत भवन में आजीविका महिला मंडल के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। महिलाओं के द्वारा स्वागत गान और अपने गीत के माध्यम से महिलाओं की जागरूकता पर गोष्ठी किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता जेएसएलपीएस की खुशबू देवी संचालन सुनीता देवी ने किया। वहीं गोष्ठी को संबोधित करते हुए भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक और पथलडीहा पंचायत की मुखिया वैजयंती देवी ने कहा कि भारत देश 1947 में आजाद हुआ लेकिन आज भी महिलाओं की आजादी अधूरी है। महिलाओं की आजादी और अपने अधिकार के लिए महिला बहनों को एकजुट होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है। गोष्ठी को अंजू देवी, मधु देवी, पुष्पा देवी, गुड़िया देवी, गजमतिया देवी, सरिता देवी, कविता देवी, प्रिया यादव, संजू देवी आदि महिलाओं ने संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन पुष्पा देवी ने किया।

## कोडरमा में बुजुर्ग ने की आत्महत्या

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना क्षेत्र के कोलटेक्स के समीप बुधवार को एक व्यक्ति ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान रामेश्वर यादव (उम्र 68 वर्ष, पिता स्व गंदौरी यादव) के रूप में हुई है। सदर अस्पताल कोडरमा में मृतक के परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर रात उनके घर में कुछ विवाद हुआ था। जिसके बाद रामेश्वर यादव ने बुधवार की अहले सुबह करीब 3 बजे जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। रामेश्वर यादव के द्वारा जहर खाने की जानकारी मिलने के बाद परिजन आनन-फानन में उन्हें सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान बुधवार को रामेश्वर यादव की मौत हो गयी। इसके बाद पुलिस ने सदर अस्पताल कोडरमा में शव के पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

## बीएसएनएल ने चौक पर गड्ढा कर छोड़ा हो सकती है घटना



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पिपचो चौक पर बीएसएनएल कंपनी की लापरवाही का मामला प्रकाश में आया है। लोगों ने बताया है कि पिपचो में बीएसएनएल का तार बिछाया जा रहा था। जिसके लिए गड्ढा किया। परंतु मुख्य चौक पर गड्ढा कर के छोड़ दिया है जिससे हमेशा दुर्घटना का भय बना रहता है। गड्ढा किये स्थान के समीप फल विक्रेता अब्दुल अंसारी ने कहा कि किसी तरफ छोटा फल का दुकान चलाते है। इस तरफ का गड्ढा कर छोड़ दिया है जिससे मेरे दुकानदारी पूरी तरह ठप हो गया। संवेदक ने बोला था कि गड्ढा को भर दिया जायेगा परंतु आज तक नही भरा गया। वहीं 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष इस्लाम अंसारी ने कहा इस तरह का टार्निंग पॉइंट पर गड्ढा कर के छोड़ दिया गया है जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। आगे बताया कि चौक पर जयनगर पुलिस चौकी करीब छह महीने पूर्व बनाया गया परंतु इस मे पुलिस बल नही रहता है। अगर इस मे पुलिस बल दे दिया जायेगा तो चौक के साथ साथ आसपास के गांव भी सुरक्षित हो जायेगा और क्राइम मे कमी आयेगी। लोगों ने इस गड्ढा को जल्द से जल्द भरने की मांग की। इस दौरान रुपायडीह मुखिया गणपत यादव, कौसर खान, राजकुमार यादव, नरेश राम, सुरेश राम, कयूम अंसारी, सुल्तान अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## अवैध बोल्डर लदे चार हाइवा जब्त

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** कोडरमा एसडीपीओ जितवाहन उरांव और थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने मंगलवार की शाम लगभग सात बजे मरकच्चो बरियारडीह मुख्य मार्ग पर पावर हाउस के समीप मरकच्चो से बरियार डीह की ओर जा रही ओभर लोड बोल्डर लदा चार हाइवा वाहन को जब्त किया है। इस दौरान पुलिस वाहन को कब्जे में लेते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है।

## मंदिर से भगवान के मुकुट की चोरी





**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के करमा स्थित श्री उमानाथ मंदिर से अज्ञात चोर ने दिनदहाड़े भगवान की प्रतिमाओं के चांदी का मुकुट चोरी कर लिया। इसे लेकर मंदिर के पुजारी त्रिलोकी पांडेय पिता स्वर्गीय अर्जुन पांडेय, ग्राम बेकोबार निवासी ने तिलैया थाना में आवेदन दिया है। थाना को दिए आवेदन में उन्होंने कहा है कि प्रतिदिन की भांति वह 13 मार्च की सुबह 9:40 बजे मंदिर की पूजा अर्चना और आरती करने के पश्चात बगल में चाय की दुकान पर चाय पीने गये थे। थोड़ी देर के बाद जब वह वापस लौटे तो मंदिर परिसर स्थित मुख्य मंदिर को छोड़कर अन्य भगवान की प्रतिमाओं का कांच टूटा हुआ था और प्रतिमाओं के चांदी का मुकुट चोरी कर लिया गया था। जिसका अनुमानित कीमत लगभग 50 हजार रुपये है। चोरी की जानकारी होने के बाद उन्होंने आसपास के लोगों और मंदिर कमेटी को मंदिर बुलाया और मामले की जानकारी दी। उन्होंने मामले में उचित कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह पुलिस प्रशासन से किया है। वहीं दूसरी ओर चोर के मंदिर से निकलने के बाद उसकी गतिविधि सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### जवाहर बाल मंच के जिला अध्यक्ष ने प्रेस वार्ता कर कहा

# पढ़ाई में परेशानी हो, तो बतायें

**बच्चों के अधिकारों व सरकारी सुविधा की दी जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**दारू / हजारीबाग।** जवाहर बाल मंच के जिलाध्यक्ष रिंकू कुमार ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेस किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बाल मंच मुख्य रूप से 7 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए यह बनाई गयी संस्था है। इस संगठन का नाम भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के सम्मान में रखा गया है। मंच के माध्यम से 7 वर्ष से 18 वर्ष की आयु के किसी भी बच्चे को अगर पढ़ाई में किसी प्रकार की परेशानी हो रही है तो उसे इस मंच के द्वारा और साथ ही बच्चों पर होने वाले किसी भी प्रकार के अत्याचार और बाल विवाह जैसे कुप्रथा के रोकथाम पर कार्य करती है। इसके लिए जिला स्तरीय समिति के साथ-साथ प्रखंड स्तरीय समिति और पंचायत स्तरीय समिति का गठन किया जायेगा जो कि लोकसभा चुनाव के बाद होगी।

बीस सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह ने बताया की अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी एक नयी सोच लायी है, नयी विचार लायी है। बच्चे का संस्कार अच्छा होने से ही देश आगे बढ़ेगा। इस मंच के माध्यम से किसी भी धर्म, समुदाय, जाति, गरीब, अमीर कोई भी बच्चा जो पढ़ाई नहीं कर पाते है या संसाधन की कमी होती उसे यह मंच से जोड़ कर उन्हें मदद उपलब्ध करायी जायेगी। साथ ही उन्होंने भाजपा पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि कानून अपने जगह है पर समय गलत है। मैं कानून को चुनौती नहीं दे सकता पर यह समय बिल्कुल गलत है। जो गलत है उसपर कार्रवाई होनी चाहिए। जब भी उम्मीदवारी की बात की जाती है तब ही ऐसा किया जाता है। भाजपा गठबंधन सरकार से डरी और सहमी हुई है। महागठबंधन की सरकार की प्रमुख उपलब्धियों में 200000 तक किसानों की ऋण माफी, 125 यूनिट मुफ्त बिजली, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन 50 की उम्र से, अबुआ आवास, सरना धर्म कोड, निजी क्षेत्र में स्थानीय को 75% का आरक्षण, 27% ओबीसी आरक्षण, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढीकरण योजना, पुरानी पेंशन योजना लागू सहित कई उपलब्धिया है। वही आने वाले चुनाव में कांग्रेस की मुद्दा होंगी किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य, जातीय जनगणना, युवाओं को रोजगार, सेना के अग्निवीर योजना को रद्द कर पक्की भारती, महंगाई पर राहत, महिला सुरक्षा, आदिवासी दलित पिछड़ों के अधिकारों की रक्षा सहित अन्य मुद्दों से अवगत कराया।मौके पर जिला संजोजक अरविन्द कुमार, आरती देवी, कैलाशपाती देव, विजय राम, शैलेश उपाध्यय, सत्यनारायण प्रसाद, मो इमरान, केदार प्रसाद, राजेश यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# अतिक्रमण के खिलाफ ग्रामीणों ने फूंका बिगुल

**एक सप्ताह के अंदर अतिक्रमण मुक्त करें: मुखिया अब्बास अंसारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकट्ठा।** प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत ग्राम कोनहरा कला में आयोजित श्री श्री 108 श्री शतचंडी महायज्ञ सह देवी प्राण प्रतिष्ठा और पवित्र माह रमजान को लेकर स्थानीय मुखिया अब्बास अंसारी के नेतृत्व में अतिक्रमण के खिलाफ ग्रामीणों के साथ आवाज बुलंद की। बुधवार को मुखिया के नेतृत्व में ग्रामीणों ने स्थल को चिन्हित कर उन्हें एक सप्ताह के अंदर अतिक्रमण मुक्त करने की अपील की अन्यथा बुलडोजर चलवाकर अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की बात कही गई। मुखिया अब्बास अंसारी ने बताया कि रमजान माह और यज्ञ को देखते हुए यह कदम उठाया जा रहा है। इस संदर्भ में प्रशासन से भी सहयोग की अपील की गयी है। अभियान में पूर्व मुखिया मुंशी पासवान, जीवन यादव, रहमत अंसारी, कलाम अंसारी, मुकेश सोनी, सुरेश दास, राजू यादव, मनी यादव, मुकेश यादव, अयुब अंसारी, वकिल अंसारी, बब्लू अंसारी, महावीर यादव, धानेश्वर पासवान, राजकुमार यादव, सदर हाफिज अंसारी, सबजूल अंसारी, मो अंसारी समेत अन्य शामिल थे।

# मतदान केंद्रों का किया गया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बुधवार को कोडरमा प्रखंड का दौरा किया। इस क्रम में उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने प्रखंड अंतर्गत मेघातरी पंचायत के मेघातरी और कुशहना गांव के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने मतदाता सूची का निरीक्षण किया और बीएलओ से मृत मतदाताओं का नाम हटाने, नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने इत्यादि की जानकारी ली। उपायुक्त ने स्वयं घर घर जाकर मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम है या नहीं, इसका सत्यापन किया और जिनका मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं, उसका फार्म 6 भरकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य किया गया। बबीएलओ को निर्देश दिया कि बूथ अवेयरनेस ग्रुप बनाये और बूथ अवेयरनेस ग्रुप व मुखिया के संग बैठक कर आमलोगों के बीच मतदाता सूची को प्रस्तुत करेंगे और जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से वंचित हैं, उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज करें। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सभी मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाएं यथा बिजली पानी शौचालय इत्यादि की व्यवस्था की जानकारी ली। उपायुक्त ने मेघातरी चेकपोस्ट का निरीक्षण कर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन गुप्ता, अंचल अधिकारी गिरेंद्र टुटी, एपीआरओ अविनाश कुमार व अन्य मौजूद रहे।

## झारखंड राज्य पेंशनर समाज की बैठक

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** बुधवार को झारखंड राज्य पेंशनर समाज कोडरमा की मासिक बैठक अध्यक्ष नारायण मोदी की अध्यक्षता में हुई जिसमें कई सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किये गये। इसमें उपयुक्त कोडरमा और जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला शिक्षा पदाधिकारी कोडरमा से मांग की गयी कि विभिन्न पेंशन अदालत में आयी समस्याओं का त्वरित गति से निष्पादन किया जाये। वहीं प्रस्ताव पारित कर उपायुक्त कोडरमा से मांग की गयी की पेंशनर समाज कार्यालय कोडरमा के लिए गर्मी को ध्यान में रखते हुए जलापूर्ति की व्यवस्था करवाई जाये। अंत में दिवंगत पेंशनर वसीम परवेज और सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह के निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट मौन रखा। बैठक में अध्यक्ष नारायण मोदी के अलावा सुभाष शर्मा, मदन मोहन ओझा, नारायण सिंह, राजेंद्र सिंह, उर्मिला देवी, अर्जुन दुसाध, पूर्व प्रधानाध्यापक नारायण मोदी, लखन लाल राम, नगीना पासवान, सिराजुद्दीन अंसारी आदि पेंशनर उपस्थित थे।

# मनीष जायसवाल ने बनासो मंदिर में टेका माथा, पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद

बंटी मिश्र

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार सह सदर विधायक मनीष जायसवाल ने सांसद का टिकट मिलने के तुरंत बाद से ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों का ताबड़तोड़ दौरा शुरू कर दिया है। बुधवार को सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने अपने दौरे की शुरुआत निर्धारित कार्यक्रम के तहत मांडू विधानसभा क्षेत्र के विष्णुगढ़ प्रखंड स्थित ग्राम बनासो अवस्थित सुप्रसिद्ध पौराणिक महामाया मंदिर बागेश्वरी मां के समक्ष माथा टेककर और पूजा-अर्चना करके किया। यहां उन्होंने विधिवत रूप से महामाया की पूजा-अर्चना की और मंदिर परिसर का निरीक्षण कर जायजा लिया और अपने स्तर से इस मंदिर परिसर के विकास में यथासंभव योगदान देने की बात कही। मनीष जायसवाल ने मां बागेश्वरी से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना भी की। मां का आशीर्वाद प्राप्त करने के उपरांत उन्होंने विष्णुगढ़ प्रखंड से अपने चुनावी जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की।

बताते हैं कि भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने सांसद का टिकट मिलने के तुरंत बाद ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से अपने चुनावी जनसंपर्क अभियान की शुरुआत कर दी है और उसके बाद अहले सुबह से लेकर देर रात्रि तक जनता के बीच पहुंच रहें हैं। बुधवार को मनीष जायसवाल ने लोगों से मिलकर कहा कि टिकट मुझे नही आप लोगो को मिला है इस बार चार सौ पार करना है। आप सबो की जिम्मेवारी है कि कमल फूल में भारी मतों से वोट देकर मोदी जी के हाथों को मजबूत करें।

## मांडू विधायक ने माला पहना कर किया स्वागत



भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का मांडू विधनसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने फूल माला पहनाकर अपने विधानसभा क्षेत्र में आत्मिय अभिनंदन किया। मनीष जायसवाल के जनसंपर्क के दौरान मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल साथ रहें और उन्होंने मनीष जायसवाल को वचन दिया की आगामी लोकसभा चुनाव में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से आपकी रिकॉर्ड मतों से जीत होगी और इसके लिए हम लगातार क्षेत्र में कैंपेन चलायेंगे। मनीष जायसवाल ने चानों पहुंचकर इस क्षेत्र के दिग्गज जननेता रहें झारखंड आंदोलन के जननायक स्व टेकलाल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। अपने तुफानी जनसंपर्क अभियान के दौरान मनीष जायसवाल ने विष्णुगढ़ क्षेत्र के मशहूर डॉ अनंत लाल पांडेय सहित कई गणमान्य लोगों से भी मुलाकात कर उनका आशिर्वाद लिया। मौके पर अरविन्द कुमार, मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, पूर्वी मंडल अध्यक्ष नारायण महतो, राजेंद्र कुमार दुबे, मधुसूदन प्रसाद, डोमन गुप्ता, भुवनेश्वर पटेल, महादेव मंडल, त्रिवेणी चौधरी, गुरु प्रसाद साव, सुखदेव रजवार, प्रकाश साव, निर्मल कुमार, राजेश सोनी, हरि यादव, जीवन सोनी, रीता दुबे, पूनम मिश्रा, महिला मोर्चा के अंजू देवी, गायत्री देवी, सुशील मंडल, अनूप कुमार कसेरा, कुन्दन शर्मा, लखन कुमार, हेमलाल साव, महेश सिंह, तुलसी सिंह रजनी, बासुदेव महतो, शशि लाहकार, अशोक मंडल, सुरेश मंडल, चेतलाल महतो, मो इमरान, शेख कौशर आदि उपस्थित थे।

## राजकुमार उर्फ बबलू होंगे झारखंड पार्टी के हजारीबाग लोकसभा सीट से उम्मीदवार



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शहर के कारगिल पेट्रोल पंप के शमीप रिंग एंड रोज होटल में झारखंड पार्टी का पदभार सह मिलन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी प्रधान सचिव अशोक भगत उपस्थित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अशोक भगत ने कहा की राज्य बने 24 साल हो गये मगर हर बार बाहरी लोग लोक सभा में चुने गये, जो हम सबों के लिए सोचनीय है। इस बार स्थानीय उम्मीदवार को हजारीबाग की जनता चुने तभी क्षेत्र का विकास होगा। उन्होंने सता पक्ष और विपक्ष को आड़े हांथ लेते हुए कहा की इन सबों का एक ही उसूल रहा है अपना पैकेट भरना। उन्होंने मंच से कहा की इस बार हजारीबाग लोक सभा से झारखंड पार्टी के उम्मीदवार राजकुमार कुशवाहा उर्फ बबलू कुशवाहा होंगे। राजकुमार कुशवाहा उर्फ बबलू ने कहा की पार्टी ने मुझ पर जो जिम्मेदारी सौंपी है उस पर खड़ा उतरने का काम करूंगा। कार्यक्रम को रामगढ़ जिला अध्यक्ष सोमदेव करमाली और हजारीबाग जिला अध्यक्ष सूरज कुशवाहा ने भी संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं से झारखंड पार्टी के उम्मीदवार को जिताने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन मुखिया नारायण प्रसाद ने किया। कार्यक्रम के दौरान कमेटी का भी विस्तार किया गया। मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दो पत्रकारों के निधन पर प्रेस क्लब ने की शोक सभा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग प्रेस क्लब कार्यालय में बरही के पत्रकार आनंद प्रधान और चौपारण के पत्रकार डी मुन्ना के असामयिक निधन पर शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गयी। उपस्थित पत्रकारों ने 2 मिनट का मौन रख दोनो पत्रकार द्वारा पत्रकारिता क्षेत्र में किये गये कार्यों को बताया। साथ ही उनके परिजनों को हर संभव मदद की बात कही। शोक सभा में वरिष्ठ पत्रकार कृष्णा गुप्ता, हजारीबाग प्रेस क्लब के सचिव विस्मय अलंकार, उपाध्यक्ष दीपक सिंह, विवेक सिंह, कौशल ओझा, प्रदीप सिन्हा, आशीष कुमार, सुनील श्रीवास्तव, राजेश मिश्रा, भावेश मिश्रा, उमेश कुमार चौबे, अविरल बिहारी लाल, श्रीकांत सिंह, सूरज कुमार, भाव्या, संजय विश्वकर्मा समेत कई अन्य पत्रकार उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ में डाक मेला का आयोजन



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बक्सपुरा पंचायत भवन में डाक विभाग द्वारा डाक मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डाक अधिदर्शक राजीव कश्यप, उप डाकपाल के डी सिंह उपस्थित थे। डाक अधिदर्शक राजीव कश्यप ने जानकारी देते हुए कहा कि डाकघर में निवेश पूरी तरह सुरक्षित है। इसके साथ ही आपको अधिकतम ब्याज दर प्राप्त होता है। डाकघर में अनेक प्रकार की बचत योजना, बीमा योजना, महिला सशक्तिकरण आदि को ध्यान में रख कर योजनायें चल रहीं है जिसका लाभ उठाना चाहिए। भारतीय डाक आज सेवाओं के कारण अपनी पहुंच घर-घर तक बना चुका है। आर्टिकल की बुकिंग और वितरण में देश में अग्रणी है। सुकन्या समृद्धि खाता, बचत खाता, रेकिंग डिपॉजिट खाता, महिला सम्मान बचत पत्र आदि के द्वारा लोगों को लघु बचत की सुविधा और अधिकतम ब्याज दे रहा है। डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा के माध्यम से लोगों को बीमा सुविधा न्यूनतम प्रीमियम पर अधिकतम बोनस के साथ प्रदान कर रहा है। सभी ग्रामीण डाकघर में भी आधार मोबाइल अपडेशन और 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का मुफ्त में आधार एनरोलमेंट की सुविधा उपलब्ध है। मौके पर मुखिया ननकू महतो, शाखा डाकपाल गोवर्धन साहू, प्रियांशु ठाकुर निर्मल नायक, सोवरन महतो, सुरेन्द्र कुमार, कैलाश महतो, तुलसी पंडित, राम किशुन महतो, रामेश्वर महतो, कृष्णा हेम्ब्रम, चंद्रदेव हांसदा आदि उपस्थित थे।

## पिंजरापोल गौशाला का किया गया निरीक्षण



के द्वारा एक लिखित आवेदन दिया गया था। 24 फरवरी की रात्रि लगभग साढे दस बजे अपने बेटे ओमप्रकाश को बेसुध फर्स पर खून से लथपथ पड़ा पाया था। जिसके सर और चेहरे पर गोली लगने जैसे सुराख का निशान था जिसके उपरांत अज्ञात व्यक्ति के द्वारा ओमप्रकाश प्रसाद की गोली मार कर हत्या कर दिए जाने का आवेदन प्राप्त था। आवेदन के आधार पर लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड का उदभेदन कर कांड में संलिप्त अभियुक्त मृतक ओमप्रकाश के पत्नी फूलमती देवी और पंकज कुमार दोनो को गिरफ्तार करने मे सफलता पायी है। वहीं गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों ने अपराध स्वीकारोक्ति बयान तथा निशानदेही के आधार पर हत्या में उपयोग किये गये एक देशी पिस्तौल एवं तीन जिंदा कारतुस भी बरामद किया गया।

अभियुक्त पंकज ने बताया कि मृतक ओमप्रकाश प्रसाद की पत्नी फूलमती देवी और उसके बीच लगभग 4 वर्षों से अवैध संबंध चल रहा था। लगभग दो वर्ष पूर्व एक दिन ओमप्रकाश प्रसाद ने पत्नी फूलमती देवी के मोबाइल में पंकज कुमार का फोन कॉल और मैसेज देखा तो उसे अपनी पत्नी फूलमती देवी और अपने मित्र पंकज कुमार के बीच के अवैध संबंध का पता लगने पर दोनों दोस्तों के बीच झगडा हुआ। इसके बाद फूलमती देवी के बुलाने पर पंकज रात में छिप छिपकर ओमप्रकाश के घर जाता था। घटना की रात भी पंकज फूलमती देवी के बुलाने पर उससे मिलने के लिए घर में घुसा था। इसी बीच ओमप्रकाश अपने पत्नी के कमरे में गया और दोनों को एक साथ पाया। ओमप्रकाश को देखते ही पत्नी का प्रेमी उस पर टूट पड़े और गोली मारकर हत्या कर दी। इस के बाद फूलमती ने पंकज को भगा दिया।

## मतदाता जागरूकता के लिए बैठक आयोजित



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा निर्वाचन-2024 को लेकर स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत सदर अस्पताल में मतदाता जागरूकता हेतु बैठक का आयोजन किया गया। डीपीएम नाजिश अख्तर द्वारा सभी एएनएम को मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम से अवगत कराया गया। सभी एएनएम को मतदाता के रूप में अपना मतदान करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, सभी को स्वास्थ्य कार्यक्रमों के दौरान भी मतदाताओं को जागरूक करने की अपील किये जाने का निर्देश दिया गया। विभिन्न माध्यमों से स्वीप कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी व बड़ी संख्या में एएनएम उपस्थित रहीं।

## लोकसभा निर्वाचन निमित्त प्रशिक्षण आज से

लोहरदगा। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों व कर्मियों का प्रशिक्षण 14 मार्च से 19 मार्च तक दो पालियों में सीएम उत्कृष्ट नदिया हिंदू उच्च विद्यालय में आयोजित किया जायेगा। पहली पाली में प्रशिक्षण सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दूसरी पाली में प्रशिक्षण दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक विद्यालय के प्रथम तल में आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण ज्ञान शंकर जायसवाल, जिला आपूर्ति पदाधिकारी-सह-प्रभारी पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग, सुजाता कुजूर, भूमि सुधार उप समाहर्ता-सह-प्रभारी पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग और विभाकर, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी-सह-प्रभारी पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग द्वारा दिया जाएगा। प्रशिक्षण में आवश्यक सहयोग के लिए 14 कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

# डीडीसी ने छात्रावास का निरीक्षण कर मेन्यू के अनुसार भोजन देने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा किस्को प्रखंड में मनरेगा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अबुआ आवास योजन, 15 में वित्त आयोग, नीति आयोग अंतर्गत आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की समीक्षा की गई। मनरेगा के समीक्षा में मानव दिवस सृजन, निर्गत मास्टर रोल, योजना पूर्णता, बरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, दीदी बाड़ी योजना, लंबित योजनाएं, आधार सीडिंग एवं आधार आधारित भुगतान, एरिया ऑफिसर ऐप्प, जीआईएस बेस्ट प्लान एवं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की समीक्षा की गई। बैठक में निर्देश दिए कि सभी योजनाओं को ससमय पूर्ण करें तथा मानव



दिवस का भी सृजन लक्ष्य के अनुरूप करें। अबुआ आवास योजना के संबंध में निर्देश दिया गया कि के समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया गया कि किसी भी परिस्थिति में पात्र एवं योग्य लाभुक का ही चयन करें। अयोग्य लाभुक का चयन न करें।

जिला परिषद अंतर्गत 15वें वित्त आयोग योजना अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन निर्माण, पाखर में यात्री शेड से बांग्लापाट स्कूल तक पीसीसी पथ निर्माण तथा किस्को प्रखंड अंतर्गत पाखर पंचायत में भवन का मरम्मति एवं ऊपरी ताल का निरीक्षण किया गया।

जिला परिषद अंतर्गत किस्को प्रखंड में सोलर योजना की भी जांच की गयी। कल्याण विभाग द्वारा संचालित जनजाति आवासीय छात्रावास का भी निरीक्षण किया गया। जिसमें हॉस्टल के छात्रों से पृच्छा करने पर पाया गया कि मेनू के अनुसार भोजन नहीं मिल रहा है जिसे मेनू के अनुसार भोजन देने का निर्देश दिया गया।

# कैंप लगा कर निर्धारित समय पर कार्य हो : गरिमा सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण कार्यालय एवं बाल संरक्षण इकाई के कार्यों की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।




समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सावित्रीवाई फुले किशोरी समृद्धि योजना एवं मातृ वंदना योजना का लाभ लक्ष्य के अनुरूप लाभुकों को देने का निर्देश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया गया। समर अभियान की समीक्षा के क्रम में समर अभियान के तहत कुपोषण एवं एनीमिया से ग्रसित बच्चों, युवतियों, गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका उपचार कराने का निर्देश दिया गया।

सावित्रीवाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त महोदया द्वारा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर 18 मार्च से 20 मार्च तक सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत कैंप लगाकर कक्षा- आठवी से लेकर बारहवी तक अध्यनरत एवं 18 से 19 वर्ष की किशोरियों को शतप्रतिशत योजना के लाभान्वित करना सुनिश्चित करें।

साथ ही सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियो एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को निर्देशित किया गया की समाज कल्याण विभाग के वैसे लाभुक गर्भवती, धात्री, 6 माह से 3 वर्ष एवं 3 से 6 वर्ष के बच्चें जिनका आधार अबतक वेरिफाई नही हुआ हैं, इसका निराकरण भी तीन दिवसीय कैम्प की तिथि में ही पूर्ण कराया जाए, ताकि कोई भी योग्य लाभुक अपने लाभ से वंचित न हो।

## डिस्ट्रिक्ट स्किल्स, विजनिंग एंड प्लानिंग विषय पर कार्यशाला का आयोजन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सचिव, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड के निदेश पर डिस्ट्रिक्ट स्किल्स, विजनिंग एण्ड प्लानिंग विषय पर कार्यशाला का आयोजन जिला कौशल कार्यालय लोहरदगा की ओर से जिला परिषद कार्यालय में किया गया। कार्यशाला में यूएनडीपी के राजीव खरी ने यूएनडीपी द्वारा झारखंड के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किये जा रहे प्रशिक्षण एवं नियोजन कार्य के बारे विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यशाला में हिंडाल्को, आरसेटी, जिला उद्योग, जेएसएलपीएस द्वारा प्रशिक्षण किये गए युवाओं व नियोजित युवाओं की जानकारी दी गयी। कार्यशाला में जिला कौशल पदाधिकारी दीप्ति लॉरी तिर्की, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनन्दन बड़ाईक, जिला उद्योग महाप्रबंधक, जिला नियोजन पदाधिकारी अश्विनी सिंह, डीपीएम जेएसएलपीएस, निदेशक आरसेटी, प्राचार्य आइटीआइ कुजरा एवं कुडू, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थी।

## सड़क सुरक्षा को लेकर भंडरा पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा पुलिस ने बुधवार को रांची लोहरदगा मुख्य पथ के मसमानो मोड़ में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। भंडरा थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह के नेत्तृत्व मे एंटी क्राइम एवं सड़क सुरक्षा को लेकर थाना मोड़ के पास दो पहिया वाहन, तीन पहिया वाहन तथा चार पहिया वाहन को रोक कर आवश्यक वाहनों की कागजात एवं डिक्की खुलवा कर डिग्गी की जांच की गई। वहीं हेलमेट नहीं पहनने वाले बाइक चालकों एव सीट बेल्ट नहीं पहनने वाले चालको को फटकार लगाते हुए हेलमेट, सीट बेल्ट लगाकर सड़क पर चलने को निर्देश दिया गया। थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा तथा एंटी क्राइम को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलता रहेगा। दो पहिया वाहन चलाने वाले सभी लोग हेलमेट पहने बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन नहीं चलावें नहीं तो कार्रवाई की जाएगी। जांच अभियान पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार चलाया गया जो थाना क्षेत्र में कोई क्राइम की घटना ना हो। वही वाहन जांच अभियान में एसआई पप्पू गुप्ता,राजीव कुमार,सतेंद्र नारायण व पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# रक्षामंत्री के इटखोरी आगमन को लेकर भाजपा की बैठक



संतोष सिन्हा

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बुधवार को बालूमाथ मंडल कार्यालय भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा की अध्यक्षता में आगामी कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक की गयी। बैठक में कार्यक्रम प्रभारी के रूप में जिला कोषाध्यक्ष संजय यादव मौजूद रहे। जिसमें 15 मार्च को लोकसभा बूथ स्तरीय सम्मेलन चतरा के इटखोरी मंदिर में देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का आगमन हो रहा है। उसी के निमित्त बैठक में बूथ स्तर शक्ति केंद्र स्तर तक के कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से इटखोरी जा कर मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत और आगामी लोक सभा चुनाव में देश के प्रधानमंत्री मोदी को आपकी बार 400 पर की सीट दिलाना सुनिश्चित करेंगे।

मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, जिला कोषाध्यक्ष संजय यादव, जिला कार्यसमिति सदस्य संजय यादव, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज शाह, ओबीसी जिला उपाध्यक्ष दशरथ ठाकुर समेत दर्जनों भाजपाइ मौजूद रहे।

## जमीन विवाद में टांगी से मारकर युवक की हत्या

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अंतर्गत पतलो ग्राम में जमीन विवाद में टांगी से मारकर एक युवक की हत्या कर दिया गया। बताया जाता है कि पतलो निवासी दिगम्बर चिक बड़ाइक का 26 वर्षीय पुत्र प्रदीप चिक बड़ाइक और पिता दिगम्बर चिक बड़ाइक द्वारा पिता पुत्र मिलकर पुराना जमीन विवाद में गांव के ही हौड़ा चिक बड़ाइक का 30 वर्षीय पुत्र ईश्वर चिक बड़ाइक को टांगी से मार कर हत्या कर दिया। वही मृतक का गर्दन व सिर में गहरे चोट का निशान है। ग्रामीणों द्वारा प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह को सूचना मिलते ही उनके निर्देश पर एस आई मनोज कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया गया।

# योग आयुर्वेद में बहुत ताकत है, युवा जरूर करें: प्रवीण तेवतिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान न्यास लोहरदगा के तत्ववावधान में शीला अग्रवाल विद्या मंदिर में आयोजित विशेष योग शिविर में देश में हुए 26/11 के आतंकी हमले में आतंकियों से लड़कर अनेक लोगों की जान की रक्षा करनेवाले मारकुस कमांडो प्रवीण तेवतिया ने उपस्थित लोगों को योगाभ्यास कराया।

प्रवीण तेवतिया ने कहा कि कभी भी किसी भी विकट परिस्थिति में हार नहीं माननी चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें फेफड़ा में गोली लगी और आर पार हो गया, एक कान खत्म हो गया, पैर जख्मी हो गया परन्तु मैंने हार नहीं मानी और तीन बार आयरन मैन का पुरस्कार जीता। जिसमें चार किलोमीटर खुले समुद्र



में तैराकी,एक सौ बयालीस किलोमीटर साइकलिंग, बयालीस किलोमीटर की दौड़ एक साथ पूरी की। उन्होंने कहा कि योग आयुर्वेद में बहुत ताकत है ,योग जरूर करें, युवाओं को जोरदार अभ्यास कराते हुए तन और मन से मजबूत रहने के गुर सिखाए। कार्यक्रम में मुख्य अतीत प्रवीण तेवतिया, जिला प्रभारी प्रवीण भारती एवं पतंजलि राज्य प्रभारी रासबिहारी तिवारी द्वारा प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। ज्ञात हो कि प्रवीण तेवतिया स्वामी रामदेव को अपना गुरु मानकर झारखण्ड के अनेक जिलों में भ्रमण कर योग आयुर्वेद का अलख जगा रहे हैं।

इस अवसर पर वनवासी कल्याण केंद्र के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह, शिवशंकर सिंह, शिवराज विजय, दिनेश, किरण देवी, महेंद्र, रघुनंदन, सचिन कुमार, विपिन दास, अर्जुन आर्य आदि उपस्थित थे।

## संग्राम मुर्मू बने सेन्हा के नये बीडीओ



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कार्यालय में संग्राम मुर्मू सेन्हा प्रखंड के 36 वें बीडीओ के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के उपरांत श्री मुर्मू ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं को धरातल पर लाना मुख्य उद्देश्य होगा। साथ ही कहा कि सभी प्रखंड कर्मियों का सहयोग से प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा,दीदीबाड़ी,15 वें वित्त योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य सभी योजनाओं को क्रियान्वयन करते हुए सुचारू पुर से संचालित करने का प्रयास करेंगे, तथा प्रखंड कार्यालय स्थित सभा कक्ष में निर्वतमान प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा का विदाई समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दिया गया। अशोक कुमार चोपड़ा का तबादला गुमला सदर बीडीओ के रूप में हुआ है। इस मौके पर श्री चोपड़ा ने कहा कि इस प्रखंड में काम करने में सभी का अच्छा सहयोग रहा है। सभी मिलजुल कर हम लोग विकास का काम किए हैं। साथ ही सभी अपील करते हुए कहा कि नए बीडीओ का सहयोग कर विकास कार्य मे गति प्रदान करेंगे। मौके पर सीओ राकेश कुमार तिवारी, पंचायती राज्य पदाधिकारी सत्यकाम श्रीवास्तव सहित सभी प्रखंड व अंचल कर्मी उपस्थित थे।

# जन-जन तक पीएम मोदी के विकास कार्यों को पहुंचाना है : समीर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** बुधवार को भाजपा नगर मंडल लोहरदगा की कार्यसमिति की बैठक नगर अध्यक्ष अमरेश भारती की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मुख्य रूप से लोहरदगा लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से आगामी लोकसभा चुनाव से संबंधित विचार विमर्श किया गया। नगर अध्यक्ष अमरेश भारती ने कहा कि हम सभी भाजपा के कार्यकर्ता घर घर जाकर केंद्र सरकार की योजनाओं को बताने का काम करें। लोकसभा प्रत्याशी




समीर उरांव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कार्य अभी तक किया है वह कार्य आज तक किसी ने नहीं किया। दशकों तक सियासी फायदे के लिए कांग्रेस और उसके साथियों ने धारा 370 के नाम पर जम्मू कश्मीर के लोगों को गुमराह करने का काम किया। धारा 370 से फायदा जम्मू कश्मीर को नहीं बल्कि कुछ राजनीतिक परिवार को ही था। लेकिन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 हटाकर जम्मू कश्मीर ही नहीं बल्कि पूरे देश की जनता को नया सवेरा दिया। बंदिशों से आजादी धारा 370 हटाने के बाद आई है। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार ने मोदी जी के नेतृत्व में जो भी वादा किया उसे पूरा किया है। इस बार किसी भी हालत में 400 पार का नारा को धरातल पर उतारना है। जन जन तक विकास कार्यों को पहुंचना है। मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। फिर से एक बार मोदी सरकार। कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, राजकिशोर महतो, ब्रज बिहारी प्रसाद, चंद्रशेखर अग्रवाल, जगनंदन पौराणिक ने संबोधित किया। मंच का संचालन नगर महामंत्री शंकर प्रजापति ने किया।

# राजद कार्यकर्ताओं ने पीएम का फूंका पुतला

आजाद सिपाही संवाददाता

**हेरहंज/ लातेहार।** राजद कार्यकताओं ने सुभाष यादव के गिरफ्तारी के विरोध में केन्द्र सरकार के खिलाफ रैली,जुलूस व पुतला दहन का कार्यक्रम किया। यह कार्यक्रम राजद प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ उरांव के नेतृत्व में किया गया। यह रैली जुलूस बैनर तले राजद कार्यालय से लेकर प्रखंड परिसर तक गई। इसके बाद वहां से वापस लौटकर बस स्टैंड चौक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन के दौरान नारे लगाए। केंद्र सरकार मुदार्बाद के नारे लगा रहे थे। साथ हीं प्रखंड अध्यक्ष श्री उरांव ने कहा की केन्द्र सरकार के द्वारा ईडी, सीबीआई का दुरूपयोग करते हुवे सभी विपक्षी पार्टियों को बेवजह परेशान करने का काम किया जा रहा है। जिसे लेकर यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश में किया जा रहा है। मौके पर-प्रदेश सचिव व्यास प्रसाद यादव, क्रीड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष विपिन यादव, प्रखंड उपाध्यक्ष अनिल यादव, अरविंद यादव, दयाल यादव, प्रखंड कोषाध्यक्ष जितेंद्र यादव समेत काफी संख्या राजद कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## उपायुक्त की पहल पर बंधक मजदूरों की सकुशल घर वापसी करायी गयी

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में हकीमम खातून नामक आवेदिका का आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें आवेदिका द्वारा उनके पति एवं परिजनों सहित अन्य श्रमिकों को जहानाबाद (बिहार) के ईट भट्ठे में बंधक बनाकर रखने की जानकारी से उपायुक्त महोदया को अवगत कराया गया साथ ही उन्हें यथाशीघ्र विमुक्त कराने का अनुरोध किया गया। मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा जहानाबाद जिला दंडाधिकारी से संपर्क स्थापित करते हुए मामले से अवगत कराया गया। जिसके उपरांत उपायुक्त महोदया एवं जहानाबाद जिला दंडाधिकारी, स्थानीय प्रशासन के सहयोग से मजदूरों को बकाया मजदूरी का भुगतान कराकर उनकी वापसी करायी गयी। उपायुक्त गरिमा सिंह के प्रयास से सभी बंधक श्रमिक सकुशल लातेहार वापस लौट आये हैं। जिसके लिए सभी बंधक श्रमिक उपायुक्त महोदया व जिला प्रशासन का धन्यवाद दिया।

# हथियार के साथ दो युवक गिरफ्तार, भेजे गये जेल

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** थाना प्रभारी पुनीत मिंज को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बसिया पुलिस की टीम ने हथियार के साथ दो अपराधियों को धर दबोचने में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए क्षेत्र में अपराध को अंजाम देकर अपनी पकड़ मजबूत करने के फिराक में जुटे अपराधियों के मनसूबो पर पानी फेरने का काम किया हैं। इस संबंध में आयोजित प्रेस वार्ता में बसिया एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने बताया कि 12 मार्च को देर शाम थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिली थी की कोनबीर एनएचपीसी मैदान के करीब दो लोग संदिग्ध अवस्था में सिल्वर कलर के स्कूटी पर है जो किसी बड़े घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं और संभवत उनके पास हथियार भी है। जिसका सन्हा दर्ज कर वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थानेदार पुनीत मिंज सशस्त्र बल के साथ एनएचपीसी मैदान पहुंचे। जहां वाहन की रोशनी से देखा कि दो व्यक्ति स्कूटी खड़ा कर आपस में बात चित कर रहे हैं।उन लोगों ने अपनी ओर पुलिस के वाहन को आता देख घबरा गए और भागने लगे जिन्हें पुलिस ने खदेड कर पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान दोनों व्यक्तियों ने अपना नाम देवी साहू (23) एवं आयुष राज (22) गांव बानागुटू, जोगोटोली बताया दोनों व्यक्तियों की तलाशी ली गई तलाशी के दौरान देवी साहू के पास से एक सिल्वर रंग का लोडेड देशी कट्टा, एक जिंदा गोली एवं एक रियलमी कंपनी का मोबाईल एवं आयुष राज के पास से दो जिंदा गोली एवं एक टेक्नो कंपनी तथा एक नोकिया कंपनी का मोबाइल बरामद किया गया। उक्त दोनों के पास से वैध कागज की मांग करने पर कोई कागज प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद हथियार सहित अन्य बरामद सामान को जप्त कर दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार करते हुए थाना लाया गया। जहां आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए बुधवार को दोनों व्यक्तियों को गुमला जेल भेज दिया गया। दोनों अपराधियों के गिरफ्तारी के लिए बने छापेमारी दल में थाना प्रभारी पुनीत मिंज, आरक्षी राजेंद्र उरांव, आरक्षी प्रकाश यादव, आरक्षी गोपीकांत महतो, करमा उरांव एवं अगुस्टीन किंडो शामिल थें। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बसिया सर्कल इंस्पेक्टर जितेंद्र राम भी उपस्थित थे।

# जंगली हाथी ने फसल को नष्ट और घर को किया क्षतिग्रस्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**जारी।** जारी थाना क्षेत्र अन्तर्गत हुटार गाँव निवासी बीरेन्द्र भगत के घर एवं श्रवण भगत के खेत मे लगे गेहूँ के फसल को एक जंगली हाथी ने बीती रात बर्बाद कर दिया।वहीं पीड़ित श्रवण भगत और बीरेन्द्र भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि एक जंगली हाथी अचानक रात में आया और मेरा घर को क्षतिग्रस्त कर दिवाल गिराने लगा। हम सभी परिवार के लोग उठे तो देखे कि जंगली हाथी घर को क्षतिग्रस्त कर रहा है तो हम सभी परिवार हल्ला करने लगे तो गाँव के ग्रामीण हल्ला सुनकर आए। सभी ग्रामीण मिलकर बड़ी मस्कत से जंगली हाथी को भगाया।भगाने के क्रम मे बीरेन्द्र भगत के खेत मे लगे गेहूं के फसल को जंगली हाथी खाकर एवं रौन्दकर पूरी तरह बर्बाद कर दिया।वहीं दोनो पीड़ित ने बुधवार को वन विभाग से मुआवजे की माँग की है। ज्ञात हो कि जारी प्रखंड मे विगत कई वर्षों से ग्रामीण जंगली हाथी से त्रस्त है आये दिन किसी न किसी गरीब किसान के घर एवं फसल को बर्बाद कर रहा ग्रामीण कई बार वन विभाग से जंगली हाथी को इस क्षेत्र से भगाने की अपील की लेकिन विभाग के द्वारा अभी तक जंगली हाथी को इस क्षेत्र से भगाने मे नकाम है जिसका खामियाजा यहां के गरीब किसान को भुगतना पड़ रहा है।

## लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया गया



**बसिया (आजाद सिपाही)।** भाजपा मंडल के द्वारा आज प्रखंड के सोनमेर गांव में लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया गया। लाभार्थी संपर्क अभियान के प्रखंड सहसंयोजक शैलेश साहू ने बताया कि इस अभियान में प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के जन कल्याणकारी योजनाओं एवं हेमंत सरकार के भ्रष्टाचारी नीतियों को ग्रामीणों के बीच विस्तारपूर्वक बताया गया।अभियान के दौरान भाजपा के कार्यकर्ताओ ने केंद सरकार के उपलब्धियों से भी जनता को अवगत कराया। इस मौके पर प्रखंड सयोजक दिनेश लकड़ा, तेजू साहू, किसान मोर्चा अध्यक्ष लखन सिंह, सचिन साय, आनंद कुमार साहू, फ्रफुल टोप्पो समेत पाहन पुजार समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## चुनाव की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक



**बसिया (आजाद सिपाही)।** बुधवार को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी–सह–अनुमण्डल पदाधिकारी जयवंती देवगम की अध्यक्षता में 67– सिसई (अ0ज0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी–सह–प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी सिसई, भरनो, कामडारा, बसिया एवं पालकोट के साथ आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों से संबंधित समीक्षा की गई। समीक्षा में एसडीओ द्वारा सभी को निर्देश दिया गया कि अधिसूचना कभी भी जारी हो सकती है इसलिए सभी लोग चुनाव मोड में आ जाये। समीक्षा के क्रम मे महिला बूथ, मतदान केन्द्रो पर न्यूनतम बेसिक सुविधा, महिला बूथ हेतु कलस्टर, क्रिटिकल मतदान केन्द्र, हैलीपैड इत्यादि की समीक्षा की गई। सभी थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया कि सभी अपने अपने मतदान केन्द्रो में एक से दो बार अवश्य विजिट करे। ताकि मतदान के दिन कोई भी समस्या उत्पन्न न हो सके एवं सभी अपने अपने क्षेत्र अर्न्तगत वाहन चेकिग भी करे परन्तु इससे आम जनता को कोई दिक्कत न हो इसका भी ध्यान रखा जाय। बैठक में अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी नाजिर अख्तर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# मिशन बदलाव के प्रयास से दिवंगत मजदूर सुकेश भगत को मिला 50 हजार मुआवजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** टीम मिशन बदलाव ने दिवंगत पलायन मजदूर सुकेश भगत को मुआवजा दिलाने को लेकर काफी प्रयास किया। टीम ने डीसी गुमला को पत्र देकर अवगत कराया था और श्रम विभाग ने मामलों को गम्भीरता से लेते हुए मजदूर के परिवार को तत्काल 50 हजार रुपये दिया।मिशन बदलाव के बिनोद साहू ने बताया कि सुकेश भगत, मरियम टोली कटकाही चैनपुर निवासी था। कर्नाटक में दिहाड़ी मजदूरी कर जीविकोपार्जन चलाता था और ड्यूटी में लौटने के दौरान मोटरसाइकिल ने धक्का मार दिया था। गम्भीर अवस्था मे अस्पताल में उसे भर्ती कराया गया और ईलाज के क्रम में उसकी मृत्यु हो गई थी। मजदूर के परिजनों की आर्थिक स्थिति अत्यंत गम्भीर थी और उनके परिजन बहुत चिंतित थे। नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा, ज्योत ग्लोइरिया कुजूर ने बताया कि जिला प्रशासन सुकेश भगत के स्थिति को ध्यान देते हुए त्वरित मुआवजा दिया , इसके लिये पूरी टीम प्रशासन को धन्यवाद एवं आभार प्रगट करते है।प्रशासन के द्वारा दिया गया सहयोग से परिजन की हालात सुधारने जो मदद मिली है उससे परिवारों की स्थिति में थोड़ी बहुत राहत देगी।मिशन बदलाव की ज्योति वर्मा और ज्योति ग्लोइरिया कुजूर ने कहा बताया कि मिशन बदलाव और श्रम अधीक्षक के संयुक्त प्रयास से सभी वार्डो में मजदूरों के लिये कैम्प लगा कर श्रम कार्ड भी बनाया जाएगा।जिससे मजदूरों की आकस्मिक दुर्घटनाओं में उनके परिजनों को आर्थिक मदद मिल सके।

# हर गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने का किया जा रहा है प्रयास : भूषण बाड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने मंगलवार को केरसई में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाले कालीकरण पथ का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने विधिवत पूजा करते हुए शिलापट्ट का अनावरण किया। उन्होंने बताया कि यह सड़क केरसई मेन रोड खालीजोर पुल रूस से कोनजोबा भाया भालुटोली होते हुए कोदोटांड़ तक 8.50 किमी तक बनेगी। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि हर गांव मुख्य सड़क से कनेक्ट हो इसके लिये वे हमेशा प्रयासरत हैं। गांवों की हर बुनियादी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांव में बिजली, पानी, सड़क की समस्या का निदान करना मेरी पहली प्राथमिकता है। इस सड़क के निर्माण की मांग वर्षो से लोगों की थी जो आज पूरा हुआ। ग्रामीणों की पुरानी मांगें पूरी की गई है। सड़क बनने पर ग्रामीणों को लाभ होगा। आगामी दिनों सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र में छूटे हुए सड़कों का निर्माण कराना उनकी प्राथमिकता में शामिल होगी। विधायक ने कहा कि विकास उनकी प्राथमिकता सूची में सबसे ऊपर है। विधायक ने कहा कि सभी वर्गों को साथ लेकर विकास की गाथा लिखी जा रही है। विकास के मामले में कोई पीछे न छूट जाए इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिप सदस्य प्रेमा बड़ा, प्रखंड अध्यक्ष जेफरेन केरकेट्टा, प्रखंड अध्यक्ष सह जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, सिमडेगा विधान सभा क्षेत्र युवा अध्यक्ष सोनल लकड़ा समेत अन्य उपस्थित थे।

## 15 मार्च को पुरी जायेंगे लायंस क्लब के सदस्य



**गुमला (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ गुमला की बैठक स्थानीय लायंस भवन में की गई। जिसकी अध्यक्षता एमजेएफ ला.शंकर लाल जाजोदिया ने की। ला. मुरली मनोहर के द्वारा शांति पाठ प्रार्थना पाठ किया गया। विश्व शांति हेतु सभी सदस्य ने 1 मिनट का मौन धारण किया। अध्यक्ष ने आगत सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए आगे की कार्रवाई के लिए सचिव अशोक कुमार जायसवाल को सुपुर्द किया। सदस्यों को बताया गया 15 मार्च यानी शुक्रवार को जिला अधिवेशन हेतु पुरी जाना है। लायंस क्लब ऑफ गुमला से 15 सदस्यों ने पूरी जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की। पुरी जाने के लिए जोर शोर से तैयारी की जा रही है। वहां पर फोटोग्राफ एवं बैनर प्रजेंटेशन में भाग लेने हेतु तैयारी की जा रही है। होली मिलन के लिए 23 मार्च को रात्रि के 7:00 बजे से होली मिलन का आयोजन लायंस भवन में गीत संगीत के द्वारा किया जाएगा। मौके पर अध्यक्ष ला शंकर लाल जाजोदिया, सचिव ला. अशोक कुमार जायसवाल, कोषाध्यक्ष गुलाबचंदप्रसाद, जॉन चेयरपर्सन महेश प्रसाद गुप्ता साहित कई लोग मौजूद थे।

## ऑटो से बचने के क्रम में बाइक सवार दो लोग घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र के देवाकी के समीप बाइक सवार जेहन गुटवा बिशनपुर निवासी 18 वर्षीय सत्येंद्र उरांव और 16 वर्षीय सचित उरांव बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में सत्येंद्र के सर चेहरा व शरीर के कई हिस्से में चोट लगी जबकि सचित को हाथ व पैर में चोट लगी है। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को उप स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में भर्ती कराया गया जहां इलाज के उपरांत दोनों को सदर अस्पताल भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक दोनों बाइक से घाघरा किसी काम से आ रहे थे। तभी देवाकी पेट्रोल पंप के समीप अनियंत्रित ऑटो से बचने के क्रम में दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

## आम की बागवानी में लगी आग, मंजर जल कर राख

गुमला। सदर थाना क्षेत्र के कतरी गांव में किसान सकीना बीबी की आम बागवानी में मंगलवार की रात आग लग गई। जिससे लगभग पचास आम पेड़ जल गये। आम बागवानी में आगजनी की सूचना मिलने पर रात में ही शकीना का पूरा परिवार खेत पहुंच गए और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया। लेकिन आगजनी की घटना से हुए नुकसान को देखकर शकीना व उसके परिवार के आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहा है। रो रोकर घटना को अंजाम देने वाले को कोस रहे हैं।

# पशु चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** गुमला वन प्रमंडल द्वारा बीमारला गांव में पशु चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन बुधवार को दिन के 2 बजे किया गया। शिविर में पशुपालन चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सीमा एक्का, डॉक्टर विनोद उरांव द्वारा 270 बकरी, बकरा और 180 गाय, बैल कि स्वास्थ्य जांच कर किया। वही किसानों के बीच निशुल्क दवा का वितरण किया गया। वही मवेशियों को एफएमडी वैक्सीन, पीपीआर टीका दिया। साथ ही मल्टीविटामिन, कैल्शियम, लिवर टॉनिक, रुचा मैक्स पाउडर, किसानों के बीच पशुओं के लिए वितरण किया गया। मौके पर पशुपालन पदाधिकारी सीमा एक्का ने कहा कि वन विभाग के द्वारा पशु चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया है। ताकि ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को लाभ मिल सके। वन विभाग समन्वयक अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम होने से पशु के स्वास्थ्य जांच कर निशुल्क दवा का वितरण किया जाना बेहतर है।

# मतदाता शपथ और हस्ताक्षर युक्त अभियान आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**भरनो।** प्रखंड मुख्यालय भरनो में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत राम कृष्ण ओहदार प्रखंड कृषि पदाधिकारी के अगुवाई में मतदाता शपथ एवं हस्ताक्षर युक्त अभियान किया गया। जेएसएलपीएस के सखी दीदी एवं सभी बीएलओ द्वारा स्लोगन पढ़ते हुए भरनो के घनी आबादी क्षेत्र का परिभ्रमण किया गया। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जो स्लोगन है मतदान करके भारत के लोकतंत्र को मजबूत करना है। मतदान करना हर नागरिक का हक और जिम्मेवारी है, हर मत महत्वपूर्ण है, हमें किसी लालच में आकर मतदान नहीं करना चाहिए। हमें किसी दबाव या डर में आकर मतदान नहीं करना चाहिए, हमें जाति या धर्म के आधार पर मतदान नहीं करना चाहिए, हमें सोच समझकर मतदान करना चाहिए। इस अभियान में नीलम केरकेट्टा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, उर्मिला देवी, उषा महतो सहित जेएसएलपीएस के सैकड़ो दीदी उपस्थित थी।

# जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 13 मार्च 2024 को संपन्न हुई। जिला स्तरीय में चयनित खिलाड़ी 16 मार्च 2024 को खेलगांव रांची में आयोजित राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मौके पर गुमला जिला कुश्ती संघ के सचिव निलेश कुमार साहू कहा कि कुश्ती खेल वर्तमान में देश का सर्वोच्च खेल में एक है। चाहे राष्ट्रमंडल खेल एशियाड खेल ओलंपिक खेल जैसे खेल में भारत का झंडा हमेशा के लिए ऊंचा रखने का काम कुश्ती खेल के खिलाड़ी करते आये हैं। कार्यक्रम में जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किए। अध्यक्ष ने कहा कि खिलाड़ी हमेशा से मेहनत करते रहे मेहनत का फल कभी भी सफलता का सीढ़ी बनकर आगे बढ़ाता है। खिलाड़ी अपना पसीना बहाते हैं, सफलता अपने आप मिलती है। मौके पर गुमला जिला कुश्ती संघ के पदाधिकारी, राकेश कुमार, संदीप कुमार सोनी, बालमुनी कुमारी और दर्शक उपस्थित थे।

## गढ़वा की खबरें

# केंद्र की घटिया राजनीति से उब चुकी है जनता : मिथिलेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के रांची स्थित आवास पर बुधवार को दो दर्जन से अधिक लोगां ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल कराया। पार्टी में शामिल होने वालों में गढ़वा के हरैया ग्राम निवासी संजीव कुमार सिंह लक्की, धीरज सिंह सोनू, अंकुर सिंह, मन्नू सिंह, आशुतोष कुमार, दिलीप सिंह, अमरेश पासवान, मन्नू जायसवाल, सचिन सिंह, जयप्रकाश सिंह, दिनेश कुमार, अमितेश सिंह, शिवम सिंह, रवि कुमार, सुचुन सिंह, सत्यम सिंह, परिहारा निवासी कुणाल सिंह, दीपक कुमार, अरविंद कुमार, तिवारी मरहटिया निवासी ब्रजेश कुमार आदि का नाम शामिल है।

मौके पर पार्टी में शामिल होने वालों ने कहा कि वे लोग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हो रहे हैं। झामुमो ही एकमात्र झारखंड एवं झारखंड वासियों की हितैशी पार्टी है। इस सरकार से पूर्व राज्य में जितनी भी सरकारें बनी, सभी ने झारखंड को चारागाह समझकर लूटा। अब राज्य का सही मायने में विकास हो रहा है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि राज्य में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चौतरफा विकास हुआ है। अब चंपाई सोरेने के नेतृत्व में विकास की एक नई गति मिल रही है। श्री ठाकुर ने कहा कि सरकार की असली ताकत राज्य की जनता है। यहां की जनता ने जिस उम्मीद के साथ सरकार बनायी है, वह उम्मीद पूरी हो रही है। पूरे राज्य की जनता का रूझान झामुमो की ओर है। मौके पर कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# कुख्यात नक्सली टुनेश उरांव सहित छह नक्सली छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा पुलिस और छत्तीसगढ़ के बलरामपुर, जशपुर पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर जशपुर में ही जिले का कुख्यात नक्सली टुनेश उरांव को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके साथ 6 अन्य नक्सलियों को भी पकड़ा है।

मामले में एसपी दीपक पाण्डेय ने मोबाइल पर जानकारी देते हुए बताया कि गढ़वा पुलिस को यह सूचना मिली थी कि नक्सली टुनेश उरांव अपने दस्ता के साथ छत्तीसगढ़ के जशपुर में है। इसी सूचना के आधार पर गढ़वा, बलरामपुर और जशपुर पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर इसको अरेस्ट करने मे सफलता पायी है। टुनेश उरांव झारखण्ड जन मुक्ति परिषद नामक एक संगठन बनाकर गढ़वा जिले में आतंक मचाये हुए था।

बता दें कि पिछले दिनों रंका में पुलिस के साथ उसकी मुठभेड़ भी हुई थी। क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों में लेवी की मांग को लेकर सवेंदकों पर दबाव बनाए हुए था। उसके भय से ठेकेदारों ने कार्य को बंद कर दिया था। उसके गिरफ़्तारी से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। जशपुर पुलिस ने उसके साथ 6 अन्य लोगों को ऐके 47 सहित गोला बारूद के साथ गिरफ़्तार किया है। गढ़वा एसपी, बलरामपुर एसपी एवं जशपुर संभाग के आईजी ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता कर जानकारी दी।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 14 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in
10

# पांकी विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**सतबरवा/पलामू।** पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता ने बुधवार को प्रखंड के रेवारातु और सेरनदाग में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत दो सड़क निर्मा कार्य का शिलान्यास किया। पहली सड़क मेंन रोड धावड़ीह से रेवारातु पंचायत भवन तक बनेगी, जबकि दूसरी ग्राम दरुवा मेंन रोड से बंजारी भाया सेरनदाग तक बनायी जाएगी। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि 75 वर्षों से अपेक्षित सड़क निर्माण की मांग को आज शिलान्यास कर यहां की जनता को उपहार दिया गया है। यह सड़क मिल का पत्थर साबित होगी। पांकी विधानसभा में केवल विकास ही विकास नजर आएगा। उन्होंने पूर्व विधायक पर पैसा देकर और डरा धमकाकर भीड़ जुटाने का आरोप भी लगाया। कहा कि मोदी जी ने देश में वंशवाद खत्म किया और मैंने पांकी विधानसभा क्षेत्र में वंशवाद खत्म किया है। कहा कि मैं स्वयंसेवकों की मानदेय की बात विधानसभा में उठाकर 2500 दिलवाया। लोकसभा चुनाव को लेकर कहा कि पाकी विधानसभा में प्रत्याशी चयनित हो चुका है। केवल घोषणा बाकी है। जनता कमल के फूल और नरेंद्र मोदी जी के पक्ष में वोट कर केंद्र में तीसरी बार नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार बनाने में सहयोग करे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी, मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, आशीष सिन्हा, धावड़ीह मुखिया रिंकी यादव, अजय उरांव, अशर्फी यादव, संदीप यादव, सुदेश्वर राम समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।


सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करते पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता।

**कार्रवाई :** ससुराल में छिपा था, घटना को अंजाम देने के लिए उपयोग में लायी गाड़ी भी बरामद

# चिकित्सक अपहरण कांड का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

अपहरण कांड में शामिल तीन आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** ग्रामीण चिकित्सक मोहम्मद फिरोज खान उर्फ रहमान के अपहरण कांड के मास्टर माइंड को अंततः हुसैनाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान दिग्विजय सिंह उर्फ डुक्कू के रूप में हुई है। वह मूल रूप से गढ़वा के केतार थाना क्षेत्र के पाचाडुमर का रहने वाला है। फिलहाल पलामू के तरहसी इलाके में स्थित अपने ससुराल में छिपा हुआ था।


अपहरण में इस्तेमाल हुई कार।

## मरीज बन कर बनाया निशाना

गौरतल हो कि 26 फरवरी 2-24 को हुसैनाबाद से ग्रामीण चिकित्सक मोहम्मद फिरोज उर्फ रहमान खान का मरीज बनकर पहुंचे कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया था। इसके बाद जांच में उतरी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहत डॉक्टर मोहम्मद फिरोज खान को बरामद करने के साथ घटना में शामिल तीन आरोपितों को भी गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि अपहरण का मास्टरमाइंड दिग्विजय सिंह उर्फ डुक्कू फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही थी। इसी बीच पलामू पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि दिग्विजय सिंह पलामू के तरहसी इलाके में अपने ससुराल में छिपा हुआ है। सूचना के आलोक में पुलिस ने छापामारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि जिस कार से अपहरण की घटना को अंजाम दिया गया था, उसे भी बरामद कर लिया गया है। घटना के दिन अपराधी मरीज बनकर डॉक्टर के क्लिनिक में घुसे थे और अपहरण कर लिया था। इसके बाद अपराधियों ने डॉक्टर के परिवार से दो करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। हुसैनाबाद पुलिस ने डॉक्टर को पलामू के मेदिनीनगर से मुक्त कराया था।

# भाजपा सबका साथ, सबका विकास की बात करती है : रामचंद्र चंद्रवंशी



## इन लोगों ने थमा भाजपा का दामन

भाजपा में शामिल होने वाले कांग्रेस और राजद के दर्जनों नेताओं-कार्यकर्ताओं में डॉ समीर अंसारी, ताजुद्दीन अंसारी, मैनुद्दीन अंसारी, रियासत अंसारी, यासीन अंसारी, सलीम अंसारी, इम्तियाज अंसारी, तबारक अंसारी, सगीर अंसारी, आलमगीर अंसारी, शरीफ अंसारी मैनुद्दीन, फारूक अंसारी, दिलावर अंसारी, अजमुद्दीन अंसारी, शेर अली अंसारी, इमाम अंसारी, अली मोहम्मद अंसारी, शहाबुद्दीन अंसारी, अली हसन अंसारी, रहमत अंसारी, सलीम अंसारी, ससुद्दीन अंसारी, क्यामुद्दीन अंसारी, गयासुद्दीन अंसारी, सेठ रियाज अंसारी, यासीन अंसारी, सलीम अंसारी, नौशाद अंसारी, बारक अंसारी, सगीर अंसारी, आलमगीर अंसारी, आनंद पाल, कन्हाई पाल, कृष्ण पाल, शंकर पाल, राजेश पाल, जितेंद्र पाल आदि शामिल है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड 12 के झगरुआ गांव में बुधवार को भाजपा नगर मंडल की ओर से मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम व संचालन महामंत्री मनीष कुमार ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के अलावा भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी भी उपस्थित रहे। मुन्ना चंद्रवंशी का गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के सैकड़ों लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीति सिद्धांतों और विधायक पर आस्था जताते हुए भाजपा में शामिल हुए। सभी को विधायक और डॉ ईश्वर सागर ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा जाती धर्म की नहीं, बल्कि सबका साथ सबका विकास की बात करती है। भाजपा के नाम पर मुस्लिम समाज को डराने वालों से सावधान रहते हुए देश के विकास में अपनी भूमिका तय करने की जरूरत है। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, जिला कार्य समिति सदस्य किरण देवी, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा, पार्षद सुनील कुमार चौधरी, अर्चना देवी, रजनीश कुमार, देवनारायण सिंह, संजय ठाकुर, विकास चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

# पुलिस ने 28 कार्टून टनाका शराब जब्त की

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** दंगवार ओपी क्षेत्र में अवैध देशी शराब के कार्टून से लदे वाहन को पुलिस ने मंगलवार की देर रात जब्त किया है। हालांकि मौका पाकर शराब तस्कर भागने में सफल रहा। ओपी प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि देशी शराब के 28 कार्टून समेत बोलेरो को जब्त कर उत्पाद अधिनियम के तहत अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जपला-दंगवार मुख्य पथ पर गश्ती पर निकली पुलिस बल ने संदेह के अधार पर उक्त बोलेरो के चालक को रोकने का संकेत दिया था। पर चालक काफी तेज गति से वाहन लेकर भागने लगा। हालांकि पुलिस उसका पीछा करती रही। अंततः काजरात नावाडीह स्टेशन के समीप चालक वाहन छोड़कर भाग निकला। जब वाहन की तलाशी ली गई तो उसमें 28 कार्टून में कुल 1344 बोतल टनाका देशी शराब बरामद हुआ। एसडीपीओ मुकेश महतो ने बताया कि पलामू एसपी रिष्मा रमेशन के दिशा निर्देश के पर होली व लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड बिहार की सीमा पर वाहनों की सघन जांच पड़ताल जारी है। इसी दौरान बिहार शराब को ले जाने वाने वाले तस्कर का मंसूबा विफल हो गया। उन्होंने कहा कि इस अभियान में शराब तस्करों को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जायेगा।

# हरिहरगंज पुलिस ने जब्त की 50 लीटर शराब

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सरसोत पंचायत क्षेत्र में संचालित दो अवैध शराब भट्ठियों को हरिहरगंज पुलिस ने बुधवार को छापामारी अभियान चलाकर नष्ट कर दिया। साथही 50 लीटर चुलाई शराब और बनाने के उपकरण जब्त किया। पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में पत्थरा पीकेट प्रभारी मंटु कुमार ने दो अलग-अलग जगहों पर छापामारी की। एकौनी गांव के समीप जंगल और सरसोत गांव में संचालित शराब भट्ठी पर छापामारी की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों भट्ठियों से 7 प्लास्टिक के ड्राम, 50 लीटर अवैध शराब और शराब बनाने के उपकरण जब्त कर थाने लाया गया है।

## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

64वी औपबंधिक सूची
जिला–कोडरमा (पार्ट–02)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रॉंची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक – 20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण – चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी रविन्द्र कुमार शांडिल्य, विषुनधारी मुसहर, सुखदेव राय द्वारा आयोग के मा0 सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं आवेदकके झारखण्ड आन्दोलनकारी के रूप में पहचान के आधार पर। | |
| 64. | 1. आवेदन क्र0– 165/24<br>2. आवेदक–कारी देवी (आश्रित पत्नी), पति–स्व0 गिरधारी मिस्त्री (आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–मरचोई, पोस्ट–मरचोई, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर कटा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 65. | 1. आवेदन क्र0– 75/24<br>2. आवेदक–मसो0 फुलवा, पति–स्व0 षिबु मुसहर<br>3. ग्राम–सिहास, पोस्ट–नासरगंज, थाना–ढाब, प्रखण्ड–डोमचांच<br>4. लिंग–महिला, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ की अंगुली में कट का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 66. | 1. आवेदन क्र0– 76/24<br>2. आवेदक–बन्धन राय, पिता–स्व0 बुधन राय<br>3. ग्राम–करमाटांड, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर टुटा हुआ है। | कंडिका–2(ix) |
| 67. | 1. आवेदन क्र0– 77/24<br>2. आवेदक–धनेष्वरी देवी, पति–स्व0 भिखारी प्रसाद यादव<br>3. ग्राम–कानीकेन्द, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–महिला, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें ढुडी पर तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 68. | 1. आवेदन क्र0– 78/24<br>2. आवेदक–धनेसर राय, पिता–बन्धु राय<br>3. ग्राम–खवासडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–नीचला होंठ में मासा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 69. | 1. आवेदन क्र0– 79/24<br>2. आवेदक–प्रभु राय, पिता–देवकी राय<br>3. ग्राम–खवासडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 70. | 1. आवेदन क्र0– 166/24<br>2. आवेदक–बलदेव साव, पिता–बंगाली साव<br>3. ग्राम–खेरडा, पोस्ट–पिहरा गावां, थाना–गांवा, प्रखण्ड–गांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दोनो पैर से विकलांग। | कंडिका–2(ix) |
| 71. | 1. आवेदन क्र0– 167/24<br>2. आवेदक–अरविन्द गुप्ता, पिता–स्व0 बुन्दी साव<br>3. ग्राम–पिहरा, पोस्ट–पिहरा, थाना–गांवा, प्रखण्ड–गांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 72. | 1. आवेदन क्र0– 80/24<br>2. आवेदक–राम बालक प्रसाद यादव, पिता–जगदीष प्रसाद यादव<br>3. ग्राम–अम्बाबाद, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 73. | 1. आवेदन क्र0– 81/24<br>2. आवेदक–बच्चीया देवी, पति–राम बालक प्रसाद यादव<br>3. ग्राम–अम्बाबाद, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 74. | 1. आवेदन क्र0– 82/24<br>2. आवेदक–बालकिसुन बेसरा, पिता–स्व0 सोमर बेसरा<br>3. ग्राम–खिरीकलां, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–कमर में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 75. | 1. आवेदन क्र0– 83/24<br>2. आवेदक–राजकुमार यादव, पिता–स्व0 रूपलाल महतो<br>3. ग्राम–समयडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें जांघ पर घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 76. | 1. आवेदन क्र0– 84/24<br>2. आवेदक–बीरबल बेसरा, पिता–सोमर बेसरा<br>3. ग्राम–खिरीकलां, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें तरफ आंख के नीचे मासा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 77. | 1. आवेदन क्र0– 85/24<br>2. आवेदक–इन्द्रदेव प्रसाद यादव, पिता–स्व0 प्रसाद महली यादव<br>3. ग्राम–समयडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने तरफ ललाट में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 78. | 1. आवेदन क्र0– 217/24<br>2. आवेदक–अर्जुन प्रसाद यादव, पिता–स्व0 लक्ष्मण यादव<br>3. ग्राम–करचैता, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें बांह में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 79. | 1. आवेदन क्र0– 86/24<br>2. आवेदक–दषरथ मिस्त्री, पिता–गोविन्द मिस्त्री<br>3. ग्राम–मरचोई, पोस्ट–मरचोई, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 80. | 1. आवेदन क्र0– 87/24<br>2. आवेदक–रामबच्चन महतो, पिता–स्व0 बासुदेव महतो<br>3. ग्राम–समयडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु– 55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां तरफ पेट में लहसन का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 81. | 1. आवेदन क्र0– 88/24<br>2. आवेदक–टिपन मुसहर, पिता–स्व0 जानकी मुसहर<br>3. ग्राम–जोगीडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु– 68 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां हाथ में ऐला। | कंडिका–2(ix) |
| 82. | 1. आवेदन क्र0– 89/24<br>2. आवेदक–विन्देष मुसहर, पिता–महावीर मुसहर<br>3. ग्राम–जोगीडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दोनो हाथ में छः अंगुली। | कंडिका–2(ix) |
| 83. | 1. आवेदन क्र0– 90/24<br>2. आवेदक–अर्जुन मुसहर, पिता–मौजी मुसहर<br>3. ग्राम–जोगीडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक पर दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 84. | 1. आवेदन क्र0– 91/24<br>2. आवेदक–आषो देवी, पति–चन्द्रिका मुसहर<br>3. ग्राम–जोगीडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–महिला, आयु– 63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां आंख के बगल में ऐला। | कंडिका–2(ix) |
| 85. | 1. आवेदन क्र0– 92/24<br>2. आवेदक–गुजरी देवी, पति–महेन्द्र मुसहर<br>3. ग्राम–जोगीडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–महिला, आयु– 72 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ टुटा हुआ। | कंडिका–2(ix) |
| 86. | 1. आवेदन क्र0– 93/24<br>2. आवेदक–लालजीत मुसहर, पिता–मंगर मुसहर<br>3. ग्राम–जोगीडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–79 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां आंख के बगल में ऐला। | कंडिका–2(ix) |
| 87. | 1. आवेदन क्र0–94/24<br>2. आवेदक–ब्रहमदेव मुसहर, पिता–अकलू मुसहर<br>3. ग्राम–जोगीडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 88. | 1. आवेदन क्र0– 95/24<br>2. आवेदक–सुदेष्वर मुसहर, पिता–अकलू मुसहर<br>3. ग्राम–जोगीडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–सर पर कटे का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 89. | 1. आवेदन क्र0– 96/24<br>2. आवेदक–दयमन्ती देवी, पति–स्व0 लालो मुसहर<br>3. ग्राम–जोगीडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–महिला, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां हाथ में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 90. | 1. आवेदन क्र0– 97/24<br>2. आवेदक–पचोलवा देवी, पति–पुनदेव मुसहर<br>3. ग्राम–जोगीडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–महिला, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 91. | 1. आवेदन क्र0– 98/24<br>2. आवेदक–दरोगी मुसहर, पिता–मौजी मुसहर<br>3. ग्राम–जोगीडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 92. | 1. आवेदन क्र0– 99/24<br>2. आवेदक–बाबूलाल महतो, पिता–स्व0 बुन्दी महतो<br>3. ग्राम–गाजेडीह, पोस्ट–खूंटा नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 93. | 1. आवेदन क्र0– 100/24<br>2. आवेदक–राधे महतो, पिता–स्व0 बुन्दी महतो<br>3. ग्राम–गाजेडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 94. | 1. आवेदन क्र0– 101/24<br>2. आवेदक–विनय कुमार शांडिल्य, पिता–प्रयाग पाण्डेय<br>3. ग्राम–झुमरी तिलैया, पोस्ट–झुमरी तिलैया, थाना–तिलैया, प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 95. | 1. आवेदन क्र0– 102/24<br>2. आवेदक–गीता उपाध्याय, पति–स्व0 प्रयाग पाण्डेय<br>3. ग्राम–झुमरी तिलैया, पोस्ट–झुमरी तिलैया, थाना–तिलैया, प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–महिला, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें कनपटी में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 96. | 1. आवेदन क्र0– 168/24<br>2. आवेदक–वीणा भदानी (आश्रित पत्नी), पति–स्व0 राजु भदानी (आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–डॉ गली, झुमरी तिलैया, पोस्ट–झुमरी तिलैया, थाना–तिलैया, प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में लहसन। | कंडिका–2(ix) |
| 97. | 1. आवेदन क्र0– 103/24<br>2. आवेदक–उदय चौधरी, पिता–धानो चौधरी<br>3. ग्राम–जानपुर, पोस्ट–जानपुर सपही, थाना–डोमचांच, प्रखण्ड–डोमचांच<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–कमर में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 98. | 1. आवेदन क्र0– 104/24<br>2. आवेदक–कैलास पासी, पिता–वृहस्पती चौधरी<br>3. ग्राम–जानपुर, पोस्ट–जानपुर सपही, थाना–डोमचांच, प्रखण्ड–डोमचांच<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–कंधे पर तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 99. | 1. आवेदन क्र0– 105/24<br>2. आवेदक–देवनारायण प्रसाद, पिता–अर्जुन साव<br>3. ग्राम–असनाबाद, पोस्ट–मसमोहना, थाना–डोमचांच, प्रखण्ड–डोमचांच<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में दायें तरफ जला का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 100. | 1. आवेदन क्र0– 106/24<br>2. आवेदक–सुमन देवी (आश्रित पत्नी), पति–स्व0 प्रदीप सिंह (आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–लेम्बुईया, पोस्ट–जानपुर सपही, थाना–डोमचांच, प्रखण्ड–डोमचांच<br>4. लिंग–महिला, आयु–38 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर के एडी में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 101. | 1. आवेदन क्र0– 107/24<br>2. आवेदक–बसंती देवी, पति–अर्जुन तुरी<br>3. ग्राम–लेम्बुईया, पोस्ट–जानपुर सपही, थाना–डोमचांच, प्रखण्ड–डोमचांच<br>4. लिंग–महिला, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हथेली पर तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 102. | 1. आवेदन क्र0– 108/24<br>2. आवेदक–तालो हेम्ब्रम, पिता–भीमसेन हेम्ब्रम<br>3. ग्राम–लेम्बुईया, पोस्ट–जानपुर सपही, थाना–डोमचांच, प्रखण्ड–डोमचांच<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल के नीचे मासा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 103. | 1. आवेदन क्र0– 109/24<br>2. आवेदक–बंधन सिंह, पिता–रूपन सिंह<br>3. ग्राम–लेम्बुईया, पोस्ट–जानपुर सपही, थाना–डोमचांच, प्रखण्ड–डोमचांच<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें ठेहुना में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 104. | 1. आवेदन क्र0– 110/24<br>2. आवेदक–अलवेरता बाड़ा, पिता–अलबिनुष बेक<br>3. ग्राम–कलीडीह, पोस्ट–जानपुर सपही, थाना–डोमचांच, प्रखण्ड–डोमचांच<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा में खोदा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 105. | 1. आवेदन क्र0– 111/24<br>2. आवेदक–लक्ष्मण सिंह, पिता–बद्री सिंह<br>3. ग्राम–लेम्बुईया, पोस्ट–जानपुर सपही, थाना–डोमचांच, प्रखण्ड–डोमचांच<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां जांघ में कटा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 106. | 1. आवेदन क्र0– 112/24<br>2. आवेदक–पोदिना देवी, पति–परमेष्वर भुल्ला<br>3. ग्राम–लेम्बुईया, पोस्ट–जानपुर सपही, थाना–डोमचांच, प्रखण्ड–डोमचांच<br>4. लिंग–महिला, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा पर चेचक का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 107. | 1. आवेदन क्र0– 113/24<br>2. आवेदक–चिंतामन सिंह, पिता–धर्म सिंह<br>3. ग्राम–लक्ष्मीपुर, पोस्ट–फुलवरिया, थाना–डोमचांच, प्रखण्ड–डोमचांच<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां हाथ में कटा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 108. | 1. आवेदन क्र0– 114/24<br>2. आवेदक–अमृत सिंह, पिता–स्व0 देवकी सिंह<br>3. ग्राम–जानपुर, पोस्ट–जानपुर सपही, थाना–डोमचांच, प्रखण्ड–डोमचांच<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां हाथ टुआ हुआ है। | कंडिका–2(ix) |
| 109. | 1. आवेदन क्र0– 115/24<br>2. आवेदक–मसो0 गुंजरी, पति–स्व0 सुकर सिंह<br>3. ग्राम–लेम्बुईया, पोस्ट–जानपुर सपही, थाना–डोमचांच, प्रखण्ड–डोमचांच<br>4. लिंग–महिला, आयु–76 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां हाथ में लहसन | कंडिका–2(ix) |
